वित्तीय विवरण
2017-18

- विशिष्ट लेखाकरण नीतियां 2017–18
- तुलन–पत्र
- लाभ एवं हानि का विवरण
- नगदी प्रवाह विवरण
- लेखा संबंधी टिप्पणियां
- वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट
- भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की अभ्युक्तियां

महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां 2017–2018

1 सामान्य

संगत वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 विद्युत अधिनियम, 2013 लागू सीईआरसी विनियमनों के सांविधिक प्रावधानों तथा भारतीय सनदी लेखाकारों के संस्थान द्वारा समय–समय पर जारी किए गये विवरणों, मानकों तथा मार्गदर्शी टिप्पणियों के अनुरूप पारंपरिक लागत आधार पर तैयार किए गए हैं। कुछ विनिर्धारित कंपनियों के लिए 01 अप्रैल 2016 से भारतीय लेखाकरण मानक अनिवार्य कर दिया गया है। टीएचडीसीआईएल के वित्तीय विवरण 01 अप्रैल 2016 से प्रभावी भारतीय लेखाकरण मानक के अनुपालन में तैयार किए गए है।

2 अनुमान एवं पूर्वानुमान

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में अनुमानों और उन पूर्वानुमानों की जरूरत पड़ती है जो रिपोर्ट की अवधि के दौरान परिसंपत्तियों, देनदारियों, राजस्व और खर्चों को रिपोर्ट की गई राशि को प्रभावित करते हैं। यद्यपि इस तरह के अनुमान और पूर्वानुमान युक्तिसंगत और विश्वसनीय आधार पर तैयार किए जाते हैं और ऐसा करते हुए सभी उपलब्ध सूचनाओं, वास्तविक परिणामों को ध्यान में रखा जाता है, लेकिन फिर भी वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं और इस अंतर को उस अवधि के दौरान मान्यता दी जाती है जिसमें वास्तविक परिणाम मूर्त रूप होकर दिखाई देते हैं।

3 संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर

3.1 31 मार्च, 2015 तक की संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीएंडई) को भारतीय जीएएपी के अनुसार तुलन–पत्र में दर्शाया गया है। भारतीय लेखाकरण मानक 101 द्वारा स्वीकृत छूट का लाभ लेने के लिए कंपनी का चयन किया गया। पहली बार भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस) को स्वीकार करने की संक्रमण तिथि (अर्थात 01 अप्रैल, 2015 को) उचित मूल्यों के लिए इन राशियों को मानित लागत माना गया, जैसा कि भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस) में निर्धारित है।

3.2 पीपीएंडई को प्रारंभिक रूप से अधिग्रहण/निर्माण लागत से आंका जाता है। इसमें यथा–अपेक्षित डी–कमीशनिंग/जीर्णोद्धार लागत भी शामिल होती है। परिसंपत्तियाँ और प्रणालियाँ, एक से अधिक उत्पादक इकाई में काम आने वाली, इंजीनियरिंग अनुमानों/निर्धारण के आधार पर पूंजीकृत की जाती है। लागत में परिसंपत्ति के अधिग्रहण/निर्माण में सीधे निवेशित राशि भी शामिल है। जिन मामलों में ठेकेदारों के अंतिम बिलों का निपटान लंबित हो, लेकिन परिसंपत्ति पूर्ण हो गई हो तथा उपयोग के लिए तैयार है, पूंजीकरण अंतिम निपटान के वर्ष में आवश्यक समायोजन के अध्यधीन अनंतिम आधार पर किया जाता है।

3.3 संयंत्र और मशीनरी के साथ अथवा तदन्तर खरीदे गए अतिरिक्त पुर्जे पूंजीकरण के मानक को पूर्ण करते हैं और इन्हें इस राशि में शामिल किया जाता है। इन अतिरिक्त पुर्जों की राशि प्रतिस्थापित की जाती है, को अमान्य किया जाता है, जब भविष्य में इनसे आर्थिक लाभ अपेक्षित नहीं हो अथवा इनका निपटान किया जाना है। मालसूची में मशीनों के अन्य अतिरिक्त पुर्जों को 'स्टोर्स एवं स्पेयर्स'के रूप में रखा जाता है।

3.4 यदि प्रतिस्थापित पुर्जे अथवा पूर्व वृहद निरीक्षण की लागत उपलब्ध नहीं है, तब विद्यमान पुर्जे/निरीक्षण की लागत जिस समय उन्हें खरीदा गया अथवा निरीक्षण किया गया, को समान नए पुर्जे/वृहद निरीक्षण की अनुमानित लागत हेतु सूचक मानना चाहिए।

3.5 संपत्ति, संयंत्र अथवा उपस्कर की कोई मद निपटान अथवा भविष्य में उसके प्रयोग से आर्थिक लाभ अनापेक्षित अथवा निपटान की दशा में अमान्य कर दिया जाता है। परिसंपत्ति के अमान्य करने से होने वाले लाभ या हानि (निपटान किए गए निवल आगम और परिसंपत्ति की वाहक राशि के बीच अंतर के रूप में परिकलित) को उस वर्ष के हानि–लाभ विवरण में शामिल किया जाता है जिस वर्ष अमान्य किया गया।

3.6 भूमि जिस पर पीपी एंड ई सृजित है, यदि कंपनी की नहीं है, परन्तु कंपनी के नियंत्रण एवं अधिकार में हैं, पीपी एंड ई में शामिल की जाती है।

3.7 विशेष भू–अर्जन अधिकारी (एसएलएओ) द्वारा पट्टे के माध्यम से अधिग्रहीत भूमि के संबंध में वे भूभाग

पूंजीकृत किए जाते हैं, जो कंपनी के भवन निर्माण तथा बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए प्रयोग किए जाते हैं / प्रयोग किए जाने के लिए आशयित हैं। ऐसी भूमि की लागत, जिसे एसएलएओ के माध्यम से अधिग्रहीत किया गया हो, को एसएलएओ द्वारा या सीधे कंपनी द्वारा प्रदान की गयी क्षतिपूर्ति के आधार पर पूंजीकृत किया जाता है। क्षतिपूर्ति, बेदखलों के पुनर्वास तथा कब्जे की भूमि से संबंधित अन्य व्यय के भुगतान / दायित्व को अनंतिम रूप से भूमि की लागत माना जाता है।

4 चल रहे पूंजीगत कार्य

4.1 निर्माणाधीन परिसंपत्तियां (परियोजना सहित) पर व्यय राशि, चल रहे पूंजीगत कार्य के अंतर्गत शामिल की जाती है। इस लागत में परिसंपत्तियों का क्रय मूल्य, आयात शुल्क, अप्रतिदेय कर (व्यावसायिक छूट तथा बट्टा घटाकर) तथा सीधे स्थल तक परिसंपत्ति को पहुंचाने की लागत तथा प्रबंधन के आशय के अनुरूप इसके प्रचालन हेतु आवश्यक शर्तें भी इसमें शामिल हैं।

4.2 सुविधाओं के सृजन पर व्यय की गयी पूंजी, जिस पर कंपनी का नियंत्रण नहीं है लेकिन परियोजना के निर्माण हेतु जिसका सृजन अनिवार्य है इसे चल रहे पूंजीगत कार्य में शामिल किया जाता है। तदन्तर व्यवस्थित रूप से आबंटित किया जाता है।

4.3 पट्टा राशि एवं पट्टायुक्त भूमि पर किराया तथा डूब एवं अन्य प्रयोजनों के लिए भूमि और संपत्तियों के लिए क्षतिपूर्ति (जैसे विस्थापितों के पुनर्वास, नई टाउन–शिप के निर्माण, वनीकरण पर लगाई गई राशि तथा पुनर्वास कालोनियों के स्थानीय प्राधिकरणों आदि द्वारा अधिग्रहण किए जाने तक उनके रख–रखाव और अन्य सुविधाओं पर हुए खर्च) तथा जहां ऐसी वैकल्पिक सुविधाओं का निर्माण परियोजनाओं में इस्तेमाल के लिए भू–अधिग्रहण हेतु विशिष्टपूर्ण शर्त हो, पर लगी लागत को पुनर्वास के चालू पूंजीगत कार्य में अग्रेनीत किया जाता है। कथित परिसंपत्ति पूंजीकृत है क्योंकि भूमि व्यावसायिक प्रचालन तिथि से अवर्गीकृत है।

4.4 निक्षेप निर्माण कार्य को संबंधित अभिकरणों से प्राप्त लेखा विवरणों के आधार पर गणना में लिया जाता है।

4.5 आपूर्ति सह उत्थापन के ठेकों के संबंध में कार्यस्थल पर प्राप्त आपूर्ति के मूल्य को चालू पूंजीगत कार्य माना जाता है।

4.6 ठेकों के मामले में मूल्य–अंतर के लिए दावों को स्वीकार किए जाने पर उन्हें हिसाब में शामिल किया जाता है।

4.7 निर्माणाधीन परियोजनाओं में सीधे निवेशित लागत में **कर्मचारी हित लाभ**, परियोजनाओं के सर्वेक्षण और अन्वेषण गतिविधियों से संबंधित व्यय, परियोजना स्थल की तैयारियों की लागत, प्रारंभिक सुपुर्दगी और सार–संभाल प्रभार, इंस्टालेशन एवं असेम्बली लागत, वृत्तिक शुल्क, सामान्य नागरिक सुविधाओं के उन्नयन एवं अनुरक्षण पर व्यय, परियोजना निर्माण में प्रयुक्त परिसंपत्ति में मूल्यह्रास तथा अन्य लागत, प्रशासनिक एवं सामान्य ऊपरी लागत, यदि परियोजना लागत में लगी हो, ऐसी लागतें चल रहीं निर्माण परियोजनाएं / पूंजीगत कार्य हेतु व्यवस्थित आधार पर आबंटित की जाती है।

5 अमूर्त परिसंपत्तियां

5.1 भारतीय जीएएपी के अनुसार 31 मार्च, 2015 तक अमूर्त परिसम्पत्तियों को तुलन–पत्र में दर्शाया जाता रहा। भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस) 101 के अंतर्गत छूट का लाभ लेने के लिए कंपनी का चयन किया गया। पहली बार भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस) को स्वीकार करने की संक्रमण तिथि (अर्थात 1 अप्रैल, 2015) को इन राशियों को मानक लागत माना गया।

5.2 अलग से अधिग्रहित अर्मूत परिसंपत्तियों को लागत में प्रारंभिक रूप से मापा जाता है। प्रारंभिक रूप से मान्य किए जाने के बाद अमूर्त परिसंपत्तियों की लागत शोधन संचय तथा संचयी अपसामान्य हानि को घटा कर नियत की जाती है।

5.3 आंतरिक उपयोग हेतु खरीदे गए साफ्टवेयर (जो संगत हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है) की लागत में शोधन संचय तथा अनर्जक हानियां, यदि कोई हों, शामिल नहीं है।

5.4 अमूर्त परिसंपत्ति की कोई मद उसके निपटान अथवा जब भविष्य में उसके उपयोग से कोई आर्थिक लाभ अनापेक्षित हो अथवा निपटान से अमान्य किया जाता

है, किसी अमूर्त परिसंपत्ति को अमान्य करने से होने वाले लाभ अथवा हानि को उस वर्ष के लाभ–हानि विवरण में मान्य किया जाता है जिस वर्ष में परिसंपत्ति को अमान्य किया गया है।

6 विदेशी मुद्रा लेन–देन

6.1 कंपनी का भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस) से छूट का लाभ लेने के लिए चयन किया गया। दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा मौद्रिक देयता अंतरण से होने वाले विनिमय अंतर की गणना संबंधी नीति को जारी रखने के लिए पहली बार भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) अपनाया गया।

6.2 विदेशी मुद्रा में लेन–देन प्रारंभिक रूप से लेन–देन की तिथि को विनिमय दर पर अभिलिखित किया जाता है। तुलन–पत्र की तिथि को विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदें अंतिम तिथि को अभिलिखित होती है। अमौद्रिक मदों को लेन–देन की तिथि को विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा डिनोमिनेट (हटाया) किया जाता है।

6.3 मौद्रिक मदों के निपटारे अथवा अंतरण से उत्पन्न विनिमय अंतर को उस अवधि के लाभ–हानि विवरण में आय अथवा व्यय के रूप में निरूपित किया जाता है तथा इसे प्रचालनीय विद्युत केंद्रों तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की पूंजीगत कार्य की राशि में जोड़ दिया जाता है।

7 उचित मूल्य माप

7.1 उचित मूल्य वह कीमत है जो निर्धारित तिथि को किसी परिसंपत्ति को बेचने पर अथवा उसके दायित्व को व्यवस्थित लेन–देन द्वारा बाजार के भागीदारों को अंतरित करने पर भुगतान के रूप में प्राप्त होगी। सामान्यतया प्रारंभिक रूप से उचित मूल्य का सर्वश्रेष्ठ साक्ष्य लेन–देन मूल्य है।

7.2 तथापि, जब कंपनी यह निर्धारित करती है कि लेन–देन मूल्य उचित कीमत नहीं है, वह अन्य बातों के साथ–साथ मूल्यांकन तकनीक जो उन स्थितियों में समुचित है तथा उचित कीमत के माप हेतु संगत अवलोकनीय आगतों के अधिकतम उपयोग तथा गैर अवलोकनीय आगतों के न्यूनतम उपयोग के समुचित आंकडें उपलब्ध हैं।

7.3 सभी वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देनदारियां जिनके लिए उचित कीमत मापी जा रही है अथवा वित्तीय विवरणों में दर्शाया गया है उन्हें उचित कीमत क्रम में वर्गीकृत किया गया है। यह वर्गीकरण न्यूनतम सार आगत पर आधारित है जो समग्र रूप से उचित कीमत मापन हेतु महत्वपूर्ण है।

स्तर 1 – समरुप परिसंपत्ति या देनदारियों के लिए सक्रिय बाजार की बाजार कीमत (असमायोजित) लगाना।

स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर आगत, उचित कीमत मापन हेतु प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से महत्वपूर्ण है, दृष्टव्य है।

स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर आगत, उचित कीमत मापन हेतु महत्वपूर्ण है, दृष्टव्य नहीं है।

7.4 वित्तीय परिसंपत्तियां तथा वित्तीय देनदारियों को, आवर्ती आधार पर, उचित कीमत पर मान्य किया जाता है। कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उचित कीमत संबंधी तकनीक की समीक्षा करती है जिसे प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अंगीकार किया जाता है और उचित कीमत का निर्धारण किया जाता है। तदनुसार उपरोक्त निर्धारित स्तरों में से किसी एक उपयुक्त स्तर को लागू किया जाता है।

8 संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियों में निवेश से भिन्न वित्तीय परिसंपत्तियां

8.1 वित्तीय परिसंपत्ति में नकदी अथवा अन्य वित्तीय परिसंपत्ति प्राप्ति हेतु संविदागत दायित्व अथवा कंपनी के लिए अनुकूल स्थितियों में वित्तीय देनदारियों अथवा वित्तीय परिसंपत्तियों का विनिमय शामिल है। वित्तीय परिसंपत्ति की उन परिस्थितियों में पहचान की जाती है, जब किसी लिखत (इंस्ट्रूमेंट) के संविदागत प्रावधानों में कंपनी को पक्षकार बनाया जाता है।

8.2 कंपनी की वित्तीय परिसंपत्तियों में नकद, नकदी समतुल्य, बैंक राशि, कर्मचारियों को अग्रिम, प्रतिभूति जमा, वसूली योग्य दावे आदि शामिल हैं।

8.3 कंपनी के विद्यमान बिजनेस मॉडल के अनुसार तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के संविदागत नकदी प्रवाह वर्गीकरण की विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं–

1.) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

2.) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित कीमत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

3) लाभ–हानि के माध्यम से उचित कीमत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

8.4 **प्रारंभिक पहचान और मापः** सभी वित्तीय परिसंपत्तियां सिवाए व्यापारिक प्राप्तियां, प्रारंभिक रूप से उचित कीमत पर मान्य की जाती हैं। इसमें वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण में लगने वाली लेन–देन लागत भी शामिल है। वित्तीय परिसंपत्तियों की लेन–देन लागत, लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित कीमत पर लाभ अथवा हानि विवरण में दर्शाया जाता है। जहां लेन–देन कीमत को उचित कीमत में नहीं मापा जा सकता और उचित कीमत निर्धारण के लिए मूल्यांकन विधि इस्तेमाल की जाती है जिसमें बाजार के आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाता है, लेन–देन कीमत तथा उचित कीमत में अंतर को लाभ या हानि विवरण से पहचाना जाता है तथा अन्य मामलों में वित्तीय लिखत को ईआईआर (प्रभावी ब्याज दर) विधि से पहचाना जाता है। आलोच्य अवधि के अंत में ईआईआर (प्रभावी ब्याज दर) की गणना की जाती है।

8.5 कंपनी व्यापारिक प्राप्तियों को उनकी लेन–देन कीमत से मापती है क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण वित्तीय घटक नहीं होते हैं।

8.6 **तदन्तर मापः** प्रारंभिक माप के बाद, वित्तीय परिसंपत्तियों को परिशोधित लागत पर वर्गीकृत किया जाता है जिसे तदन्तर ईआईआर पद्धति से परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना हेतु परिशोधन पर किसी छूट अथवा प्रीमियम को गणना में लिया जाता है तथा शुल्क अथवा लागत, ईआईआर का अभिन्न अंग होते हैं। ईआईआर परिशोधन को वित्तीय आय की लाभ अथवा हानि में शामिल किया जाता है।

8.7 **अमान्य–पहचान (डी रिकागनिशन)** – किसी वित्तीय परिसंपत्ति को उस समय अमान्य किया जाता है जब कथित वित्तीय परिसंपत्ति से संबद्ध नकदी प्रवाह की वसूली हो जाती है अथवा उसके अधिकार समाप्त हो जाते हैं।

9 माल–सूची

9.1 संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों के अनुरक्षण में प्रयुक्त अतिरिक्त पुर्जे तथा भंडार मुख्यतया माल सूची में शामिल होते हैं और इनका मूल्यांकन लागत अथवा निवल प्राप्य मूल्य (एनआरवी) जो भी कम हो, पर किया जाता है। भारित औसत लागत फार्मूला इस्तेमाल करके लागत निश्चित की जाती है और सामान्य व्यापार क्रम में एनआरवी अनुमानित विक्रय मूल्य है। बिक्री के लिए जरूरी विक्रय लागत इसमें से कम कर दी जाती है।

9.2 माल सूची की रखाव राशि का निर्धारण प्रत्येक रिपोर्ट तिथि के एनआरवी (निवल प्राप्य मूल्य) पर परिकलित होती है। रखाव राशि में कमी होने पर एनआरवी पर मान्यता हेतु माल–सूची की रखाव राशि में कमी करके समुचित समायोजन किया जाता है। इस प्रकार घटायी गई राशि को लाभ–हानि विवरण में व्यय के रूप में मान्य किया जाता है। माल सूची मूल्य में कमी के फलस्वरूप एनआरवी में वृद्धि (मूल लागत तक) होने पर, माल सूची मूल्य वृद्धि को एनआरवी पर मान्य करने तथा बढ़ी हुई राशि को लाभ–हानि विवरण में आय के रूप में मान्य किया जाता है। लाभ–हानि विवरण में व्यापार के दौरान सामान्य रूप से होने वाली माल सूची हानि को व्यय के रूप में मान्य किया जाता है।

10 वित्तीय देनदारियां

10.1 कंपनी की वित्तीय देनदारियां अन्य कंपनी को नकदी अथवा अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की सुपुर्दगी अथवा कंपनी के लिए प्रतिकूल स्थितियों में अन्य कंपनी के साथ वित्तीय संपत्तियों का विनिमय अथवा वित्तीय देनदारियां संविदागत दायित्व है।

10.2 कंपनी की वित्तीय देनदारियों में ऋण एवं उधार, व्यापारिक एवं अन्य देय भी शामिल हैं।

10.3 वर्गीकरण, प्रारंभिक पहचान एवं माप

10.3.1 वित्तीय देनदारियां प्रारंभिक रूप में उचित कीमत पर मान्य होती है। इसमें से वित्तीय देनदारियों से सीधे संबंधित लेन–देन लागत तथा तदन्तर मापी गई परिशोधित लागत घटाई जाती है। प्राप्तियों निवल (लेन–देन लागत) तथ प्रारंभिक स्तर पर उचित कीमत के अंतर, यदि कोई हो, को लाभ–हानि विवरण में दर्शाया जाता है अथवा 'निर्माण से संबंधित व्यय' यदि अन्य मानक उधार की अवधि में किसी परिसंपत्ति की रखाव राशि को ब्याज की प्रभावी दर को प्रयोग करते हुए ऐसी लागत को शामिल करने की अनुमति दें।

10.3.2 उधार को चालू देनदारियों के रूप में तब तक वर्गीकृत किया जाता है जब तक कंपनी के पास रिपोर्ट–अवधि के बाद कम से कम 12 महीनों के लिए देनदारियों के निपटान को स्थगित करने का बिना शर्त अधिकार है।

10.4 उत्तरवर्ती माप

10.4.1 प्रारंभिक पहचान के बाद, वित्तीय देनदारियां तदन्तर रखाव लागत के रूप में ईआईआर विधि से मापी जाती है। देनदारियों को अमान्य करने के साथ–साथ ईआईआर रखाव प्रक्रिया के माध्यम से लाभ और हानि को लाभ अथवा हानि के विवरण के रूप में मान्य किया जाता है।

10.4.2 रखाव लागत को अधिग्रहण पर किसी छूट अथवा प्रीमियम की गणना करते हुए हिसाब में लिया जाता है तथा शुल्क अथवा लागत ईआईआर के अभिन्न भाग हैं। लाभ और हानि विवरण में ईआईआर रखाव को वित्त लागत के रूप में शामिल किया जाता है।

10.5 **अमान्य करना :** किसी वित्तीय देनदारी को उस समय अमान्य किया जाता है जबकि देनदारी का दायित्व उन्मोचित अथवा निरस्त अथवा समाप्त हो गया है।

11 सरकारी अनुदान

11.1 केंद्र / प्रादेशिक / अन्य प्राधिकारियों से पूंजी व्यय के संदर्भ में प्राप्त सहायता अनुदान में उत्तर प्रदेश सरकार से टिहरी एचईपी स्टेज–1 हेतु प्राप्त अंशदान भी शामिल है। इसे प्रारंभिक रूप से गैर चालू देयता के तहत गैर– प्रचालन आस्थगित आय माना जाता है और तदन्तर उसी अनुपात में आय माना जाता है जिसमें अधिग्रहीत परिसंपत्तियों के ऐसे अंशदान / सहायता अनुदान के मूल्यह्रास को बट्टे खाते में डाला जाता है।

12 प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां तथा आकस्मिक परिसंपत्तियां

12.1 कंपनी की पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप वैध अथवा प्रलक्षित दायित्व प्रस्तुत करने पर प्रावधानों की पहचान होती है आर्थिक लाभ वाले संसाधनों के बाह्य प्रवाह के दायित्व का निर्धारण अपेक्षित है तथा दायित्व राशि का विश्वसनीय अनुमान किया जा सकता है। ये प्रावधान तुलन– पत्र की तिथि से अपेक्षित व्यवस्थापन राशि के अनुमान के निर्धारण हेतु सुनिश्चित किए जाते हैं।

12.2 आकस्मिक देनदारियां प्रबंधन / निष्पक्ष विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर प्रकट की जाती है। प्रत्येक तुलन–पत्र की तिथि पर इनकी समीक्षा की जाती है तथा प्रबंधन द्वारा वर्तमान अनुमानों को प्रयुक्त कर तैयार किए गए वित्तीय विवरणों में इन्हें प्रदर्शित किया जाता है।

12.3 आकस्मिक परिसंपत्तियों को, जब आर्थिक लाभ संभावित हो, वित्तीय विवरणों में प्रकट किया जाता है।

13 राजस्व अभिज्ञान तथा अन्य आय

13.1 केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा अधिसूचित अंतिम दरों पर ऊर्जा विक्रय का लेखा रखा जाता है। विद्युत केंद्र के प्रकरण में, जहां अंतिम दर अधिसूचित नहीं है, उपयुक्त प्राधिकारी अर्थात सीईआरसी द्वारा लागू विनियमों में वर्णित विधि और मानकों के आधार पर राजस्व का अभिज्ञान किया जाता है। सीईआरसी द्वारा 'वार्षिक नियत प्रभार' की अधिसूचना लंबित रहने तक राजस्व अभिज्ञान स्वतंत्र रहेगा तथा संग्रहण के उद्देश्य से अनंतिम दर स्वीकार की जाती है। विदेशी मुद्रा ऋणों के संबंध में विदेशी मुद्रा विचलन की वसूली / वापसी की वर्षानुवर्ष आधार पर गणना की जाती है।

13.2 पवन ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित बिजली की बिक्री से प्राप्त राशि को भारतीय लेखाकरण मानक 18 के अनुसरण में प्रचालन से प्राप्त राजस्व रूप में मान्यता दी गई और इन परिसंपत्तियों को भारतीय लेखाकरण मानक 16 के अनुसार कंपनी के स्वामित्व वाली परिसंपत्तियां माना गया है।

13.3 क्षेत्रीय ऊर्जा लेखा (आरईए) को अंतिम रूप दिए जाने से उत्पन्न समायोजन जो महत्वपूर्ण नहीं हों, संबंधित वर्ष में प्रस्तुत किए जाते हैं।

13.4 केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग अथवा हितग्राहियों के अनुबंध द्वारा अनुमोदित / अधिसूचित लागू मानकों के आधार पर प्रोत्साहन / गैर–प्रोत्साहन की गणना की जाती है। विद्युत केंद्रों के प्रकरण में जहां ये हितग्राहियों के साथ अधिसूचित / अनुमोदित / सहमत नहीं है, प्रोत्साहन / गैर –प्रोत्साहन अनंतिम आधार पर हिसाब में लिए जाते हैं।

13.5 मूल्यह्रास के संबंध में अग्रिम को 31 मार्च 2009 तक आस्थगित आय माना जाता रहा। इसे परियोजना प्रचालन की तिथि के 12 वर्ष पूर्ण होने के बाद शेष 23 वर्षीय अवधि हेतु सीधी रेखा आधार पर बिक्री माना गया। परियोजना का उपयोगी कार्यकाल 35 वर्ष माना गया।

13.6 परामर्शी कार्य से आय को वास्तविक प्रगति/कृत कार्य तकनीकी मूल्यांकन अथवा संबंधित परामर्शी संविदा की शर्तों के अनुरूप लागत प्रतिपूर्ति आधार पर हिसाब में लिया गया।

13.7 विविध देनदारों से ऊर्जा बिक्री/परिनिर्धारित क्षति/वारंटी दावों से संबंधित वसूली योग्य अधिभार के इनकी वसूली/स्वीकृति की अनिश्चितता के कारण प्रोद्भूत देय नहीं माना गया और तद्नुसार रसीद के आधार पर गणना की गयी।

13.8 संविदा की शर्तों के अनुसार ठेकेदारों को दिए गए अग्रिम से अर्जित ब्याज को चल रहे संगत पूंजीगत कार्य लेखा में जमा कर संबंधित परिसंपत्ति की निर्माण लागत से घटाया जाता है।

13.9 अवशिष्ट (स्क्रेप) मूल्य को बिक्री के समय लेखे में लिया जाता है।

13.10 बीमा कंपनी सहित अन्य पक्षों से संपत्ति तथा उपस्करों अथवा अन्य मदों के असामान्य, गुम अथवा हानि पहुंचने पर क्षतिपूर्ति और देय अन्य दावों को उनकी वसूली की निश्चितता पर लाभ–हानि में शामिल किया जाता है। मदों के गुम या असामान्य होने पर बीमा कंपनी सहित अन्य पक्षों से क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु संगत दावे तथा तदन्तर परिसंपत्ति/माल सूची संबंधी कोई खरीद एकल आर्थिक घटनाएं हैं और इन्हें अलग से लेखे में लिया जाता है।

14 व्यय

14.1 मरम्मत और अनुरक्षण के काम में इस्तेमाल की गई सामग्री और कल–पुर्जों की लागत मरम्मत एवं अनुरक्षण खाते में प्रभारित की जाती है।

14.2 प्रत्येक मामले में 5,00,000/– रुपये या उससे कम की मदों के पहले किए गये खर्च अथवा पूर्व–अवधि खर्च/आय को स्वाभाविक लेखा शीर्षों में प्रभारित किया जाता है।

14.3 वाणिज्यिक प्रचालन के शुरू होने से पहले प्राप्त निवल आय/व्यय को संबंधित परिसंपत्तियों एवं प्रणालियों की लागत में सीधे समायोजित किया जाता है।

14.4 व्यवहार्यता रिपोर्ट अनुमोदित होने से पहले नई परियोजनाओं पर किए गए प्रारंभिक खर्चे राजस्व को प्रभारित किए जाते हैं।

14.5 पूर्ववर्ती वर्ष के कर से पूर्व निवल लाभ का समुचित प्रतिशत डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार अलग रख दिया जाता है ताकि अनुसंधान एवं विकास के लिए अव्यपगत निधि सृजित की जा सके।

14.6 सीएसआर गतिविधियों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार व्यय किया जाएगा। डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसार व्यय न की गई कोई राशि अलग से अव्यपगत निधि में रखी जाएगी।

14.7 तीन वर्षों से अधिक समय के बकाया संदिग्ध ऋणों/अग्रिमों/दावों (सरकारी देय को छोड़कर) के लिए प्रावधान किया जाएगा, जब तक प्रबंधन के आंकलन अनुसार धनराशि को वसूली योग्य घोषित न किया जाए। तथापि, ऋणों/अग्रिमों/दावों को प्रत्येक प्रकरण के आधार पर बट्टे खाते में डाल दिया जाएगा, जब वसूली करना अंततः असंभव हो जाए।

15 कर्मचारी हितलाभ

15.1 कंपनी ने भविष्य निधि के प्रशासन के लिए अलग से एक न्यास स्थापित किया है और कर्मचारी पेंशन हित लाभ के लिए इसे सेवानिवृत्ति अंशदान योजना कहते हैं। इस निधि में कंपनी के अंशदान को व्यय से प्रभारित किया जाता है। भविष्य निधि द्वारा किए गए निवेशों में ब्याज की कमी (यदि कोई हों) के बारे में कंपनी की देनदारी निर्धारित की जाती है और वर्ष के अंत में वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर वार्षिक रूप से प्रावधान किया जाता है।

15.2 कर्मचारियों को उपदान (ग्रेच्युटी) के संबंध में सेवानिवृत्ति लाभों एवं अवकाश नकदीकरण तथा सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ, छुट्टी यात्रा रियायत, बैगेज भत्ता, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिह्न, दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को वित्तीय सहायता और अंतिम संस्कार पर होने वाले व्यय के लिए देनदारी, जैसा कि भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) –19 में परिभाषित किया गया है का हिसाब प्रोद्भूत आधार पर वर्ष के अंत में वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

15.3 वास्तविक लाभ और हानियों के पुनर्मापन हेतु परिसंपत्ति की उच्चतम सीमा का प्रभाव निवल ब्याज सहित निवल परिभाषित लाभ देयता राशि को छोड़कर तथा योजना परिसंपत्तियों (निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज सहित राशि को छोड़ कर) पर प्रतिलाभ को ओसीआई में उस अवधि के लिए जिसमें उद्भूत हुआ है, तत्काल मान्य किया जाता है। पुनर्मापन को बाद की अवधि में लाभ अथवा हानि के रूप में पुनः वर्गीकरण नहीं किया जाता।

16 ऋण लागत

16.1 विशिष्ट अर्ह परिसंपत्तियों के अधिग्रहण तथा निर्माण से सीधे जुड़ी ऋण लागत को उस तिथि तक, जब तक ऐसी परिसंपत्तियां इसके आशयित उपयोग के लिए तैयार हों, इन परिसंपत्तियों की लागत के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है।

16.2 सामान्यतया उधार ली गई निधियों एवं जिन्हें अर्हता प्राप्त परिसंपत्ति लेने के प्रयोजनार्थ प्रयोग किया जाता है, की ऋण लागत, जो विशिष्ट अचल परिसंपत्तियों से सीधे–जुड़ी न हों, को उनके निर्माण के दौरान पूंजीकृत किया जाता है। ऐसी ऋण लागतों को वर्ष के लिए चालू पूंजीकृत कार्य के औसत शेष के अनुसार विभाजित किया जाता है। अन्य ऋण लागतों को उनके व्यय होने की अवधि में खर्चों के रूप में मान्य किया जाता है।

17 मूल्यह्रास एवं परिशोधन

17.1 वर्ष के दौरान संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों में वृद्धि/कमी पर मूल्यह्रास को यथानुपातिक आधार पर उस तिथि तक जिस तिथि तक परिसंपत्ति इस्तेमाल/निपटान के लिए उपलब्ध, प्रभारित किया जाता है।

17.2 मूल्यह्रास को टैरिफ निर्धारण के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा अधिसूचित दरों के अनुसार सीधी रेखा विधि पर प्रभारित किया जाता है। जिन परिसंपत्तियों के बारे में सीईआरसी ने दर अधिसूचित नहीं की है, उनमें मूल्यह्रास का कंपनी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित दरों के अंतर्गत सीधी रेखा विधि से प्रावधान किया जाता है। विनिमय दरों में घट–बढ़, न्यायालयों के फैसलों इत्यादि के कारण बढ़ी देनदारी के लिए परिसंपत्ति की लागत में वृद्धि/कमी के मामले में, परिसंपत्तियों के शेष उपयोगी जीवनकाल के लिए अग्रदर्शी रूप में संशोधित परिशोधित मूल्यह्रास योग्य राशि का प्रावधान किया जाता है।

17.3 कार्यालयीन कार्य हेतु लैपटाप योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को प्रदत्त लैपटाप को चार वर्ष की अवधि में शून्य निस्तारण संपत्ति मूल्य के साथ बट्टे खाते में डाला जा रहा है। इन मदों का सीधी रेखा विधि द्वारा 25% वार्षिक दर से मूल्यह्रास किया जाता है।

17.4 अस्थायी उत्थापन पर अधिग्रहण/पूंजीकृत वर्ष में रू. 1/– रखकर पूर्ण मूल्यह्रास (100%) किया जाता है।

17.5 1500/– रुपये से अधिक लेकिन 5000/– रुपये तक की लागत वाली (अचल परिसंपत्तियों को छोड़कर) परिसंपत्तियों के संबंध में क्रय वर्ष में 100% मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है।

17.6 1500/– रुपये तक की कम लागत वाली सामाग्रियां, जो परिसंपत्ति के रूप में होती हैं, को पूंजीकृत नहीं किया जाता है और उन पर राजस्व वसूला जाता है।

17.7 लीज होल्ड जमीन की लागत लीज अवधि के दौरान परिशोधित की जाती है।

17.8 कम्प्यूटर साफ्टवेयर की लागत को अमूर्त परिसंपत्ति माना गया है तथा प्रयोग की विधिक अधिकार की अवधि या पांच वर्ष जो भी पहले हो, में सीधी रेखा पद्धति से परिशोधित किया जाता है।

17.9 संयंत्र और मशीनों के साथ अथवा बाद में खरीदे गए जिन अतिरिक्त पुर्जों को पूंजीकृत किया जाता है और इन्हीं मदों की राशि में शामिल किया जाता है। उनका सीईआरसी द्वारा अधिसूचित विधि एवं दर से संगत संयंत्र और मशीनों के शेष उपयोगी जीवनकाल हेतु मूल्यह्रास किया जाता है।

18 माल सूची के अतिरिक्त गैर वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

18.1 जब परिसंपत्तियों की रखाव लागत वसूली योग्य राशि से बढ़ जाती है तब परिसंपत्ति को क्षति माना जाता है। जिस वर्ष में परिसंपत्ति को क्षति चिन्हित किया जाता है उस वर्ष के लाभ और हानि विवरण में क्षति हानि को प्रभार्य किया जाता है। वसूली योग्य राशि के अनुमान में परिवर्तन होने पर लेखा–अवधि से पहले की क्षति हानि को उल्टा कर दिया जाता है।

19 आय कर

आयकर व्यय वर्तमान और आस्थगित कर की राशि का प्रतिनिधित्व करता है। लाभ और हानि विवरण से

आयकर की पहचान होती है, सिवाए उस सीमा के जो सीधे इक्विटी अथवा अन्य व्यापक आय की मदों से संगत है। इस स्थिति में यह भी सीधे इक्विटी या अन्य व्यापक आय से पहचाना जाता है।

19.1 **वर्तमान आयकर** – आयकर अधिनियम 1961 के अंतर्गत वर्तमान कर वर्ष के लिए कर योग्य लाभ पर आधारित है। लाभ और हानि विवरण में उल्लिखित लाभ से कर योग्य लाभ भिन्न है क्योंकि इसमें जो आय अथवा व्यय अन्य वर्ष में कर योग्य अथवा घटाने योग्य है, शामिल नहीं है। इसके अतिरिक्त जो मदें कभी कर योग्य अथवा घटाने योग्य (स्थायी अंतर) नहीं, वे भी शामिल नहीं है। वर्तमान आयकर प्रभार की कर कानूनों अथवा भारत में जहां कंपनी कार्यरत हैं और कर योग्य आय अर्जित करती है, तुलन– पत्र की तिथि को समुचित रूप से लागू कर कानूनों के आधार पर गणना की जाती है।

19.2 आस्थगित कर

19.2.1 तुलन–पत्र के अनुसार आस्थगित कर को पहचाना जाता है। कंपनी के वित्तीय विवरण में परिसंपत्तियों की रखाव राशि और देनदारियों में अंतर तथा तुलन–पत्र दायित्व विधि से तदनुरूप कर आधार को कर योग्य लाभ की गणना की जाती है। आस्थगित कर दायित्व सामान्यतया सभी कर योग्य अस्थायी अंतर तथा आस्थगित कर परिसंपत्तियां सामान्यतया सभी घटाने योग्य अस्थायी अंतर अप्रयुक्त कर हानियां तथा अप्रयुक्त कर जमाओं से पहचानी जाती है। यह संभावित है कि भावी कर योग्य लाभ उन घटाने योग्य अस्थायी अंतरों से अप्रयुक्त कर हानियों और इस्तेमाल की जा सकने वाली अप्रयुक्त कर जमाओं से सुलभ है। ऐसी परिसंपत्तियां और देनदारियां मान्य नहीं हैं यदि किसी परिसंपत्ति या देनदारी की प्रारंभिक पहचान से उद्भूत अस्थायी अंतर जिसमें लेन–देन न तो कर योग्य लाभ अथवा हानि अथवा लाभ या हानि के लेखे को प्रभावित करता है।

19.2.2 प्रत्येक तुलन–पत्र की तिथि को आस्थगित कर संपत्तियों की रखाव राशि की समीक्षा की जाती है और उस स्तर तक घटाया जाता है कि जब समुचित कर योग्य लाभ उपलब्ध होने की संभावना है जिसके लिए अस्थायी अंतर को प्रयुक्त किया जा सके। आस्थगित कर संपत्तियों और देनदारियों को कर दरों से मापा जाता है जो उस अवधि में अपेक्षित हैं जिसमें देनदारियां परिनिर्धारित की जाती है अथवा परिसंपत्ति प्राप्त की जाती है जो लागू कर दरों (और कर कानूनों) पर आधारित अथवा तुलन– पत्र की तिथि को मूल रूप से लागू हैं। आस्थगित कर देनदारियां और परिसंपत्तियां कंपनी के अपेक्षित तरीकों के अनुरूप रिपोर्टिंग तिथि को वसूली अथवा परिसंपत्तियों और देनदारियों की रखाव राशि का निर्धारण आस्थगित कर देनदारियों और परिसंपत्तियों का मापन कर–परिणामों को प्रतिबिम्बित करती है।

19.2.3 आस्थगित कर, लाभ और हानि के विवरण में मान्य होता है, सिवाय उस सीमा को छोड़कर जिस सीमा तक यह अन्य समग्र आय या इक्विटी में मान्य मदों से संबंधित हो, उस स्थिति में यह अन्य समग्र आय या इक्विटी में मान्य होता है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों और देनदारियों का समायोजन होता है जब वर्तमान कर परिसंपत्तियों को वर्तमान कर देनदारियों के संदर्भ में समायोजित करने का कानूनी रूप से लागू करने का अधिकार हो, और जब आस्थगित आयकर परिसंपत्तियां तथा देनदारियां जो आयकर उगाही से संबंधित उसी कर अधिकारी से जिसका या तो कर योग्य अस्तित्व अथवा भिन्न कर योग्य अस्तित्व हो जहां निवल आधार पर शेष के समायोजन की मंशा हो।

आस्थगित कर वसूली समायोजन लेखों को उस सीमा तक जमा/नामे किया जाता है जिस सीमा तक वर्तमान अवधि के लिए आस्थगित कर बाद की अवधि में वर्तमान कर के रूप में रहता है और इक्विटी (आरओई) पर संगणना, टैरिफ के एक घटक को प्रभावित करती है।

20 नकदी प्रवाह विवरण

20.1 नकदी प्रवाह विवरण भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) –7 में विनिर्दिष्ट परोक्ष तरीके से तैयार किया जाता है। नकदी प्रवाह विवरण में नकदी और नकदी समतुल्य, हाथ में नकदी, वित्तीय संस्थानों में मांग पर जमा, अन्य लघु अवधि, तीन माह अथवा कम अवधि के अत्याधिक तरल निवेश, जिन्हें ज्ञात

राशि में तत्काल नकदी में बदला जा सके जिनका परिवर्तनीय जोखिम महत्वहीन हो तथा बैंक ओवर ड्राफ्ट शामिल हैं। तथापि तुलन– पत्र प्रस्तुति में बैंक ओवर ड्राफ्ट को तुलन– पत्र की वर्तमान देनदारियों में उधार के रूप में दर्शाया जाता है।

21 प्रचलित बनाम अप्रचलित वर्गीकरण – कंपनी तुलन–पत्र में प्रचलित/ अप्रचलित वर्गीकरण के आधार पर परिसंपत्तियां और देनदारियां प्रस्तुत करती है।

21.1 किसी परिसंपत्ति को प्रचलित माना जाता है, जब वह–

- सामान्य प्रचालन चक्र में प्राप्ति अथवा विक्रय तथा उपभोग करना अपेक्षित हो
- प्राथमिक रूप से व्यापारिक उद्देश्य हेतु रखा गया हो
- रिपोर्टिंग अवधि के 12 माह के अंदर प्राप्ति अपेक्षित हो अथवा
- जब तक कि रिपोर्टिंग अवधि के कम से कम 12 माह बाद विनिमय अथवा इस्तेमाल हेतु प्रतिबंधित नहीं हो, देनदारी निर्धारण करने के लिए नकदी अथवा नकदी समतुल्य

अन्य सभी परिसंपत्तियों को अप्रचलित वर्गीकृत किया जाता है।

21.2 किसी देनदारी को प्रचलित माना जाता है, जबकि

- सामान्य प्रचालन चक्र में उनका निर्धारण अपेक्षित हो।
- प्राथमिक रूप से ट्रेडिंग के उद्देश्य से रखा गया हो।
- रिपोर्टिंग अवधि 12 माह के अंदर निर्धारण हेतु देय हो, अथवा
- रिपोर्टिंग अवधि के कम से कम 12 माह बाद देनदारियों के निर्धारण को आस्थगित करने का बिना शर्त अधिकार नहीं हो।

अन्य सभी देनदारियों को अप्रचलित वर्गीकृत किया जाता है।

21.3 आस्थगित परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को गैर चालू परिसंपत्तियों एवं देनदारियों में वर्गीकृत किया गया है।

22 दर विनियमित गतिविधियां – विनियामक आस्थगित खाता शेष

22.1 दर विनियमित गतिविधियों से जो विनियामक आस्थगित लेखे शेष रहते हैं भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस) 114 उनके लेखे को विनिर्दिष्ट करता है। ये मानक केवल पहली बार उन ग्राह्यताओं को सुलभ हैं जो अपने पिछले जीएएपी के अंतर्गत विनियामक आस्थगित लेखा शेषों को मान्य करते हैं। भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) पहली बार के पात्र ग्राह्यताओं को उनकी पिछली जीएएपी दर विनियामक नीतियों को सीमित परिवर्तन के साथ जारी रखने तथा वित्तीय स्थिति विवरण तथा लाभ या हानि विवरण में अलग से अपेक्षित प्रस्तुतीकरण तथा विनियामक आस्थगित लेखा शेष तथा व्यापक आय की अनुमति देता है। इसका पालन किया गया।

23 लाभांश वितरण

23.1 कंपनी के अंशधारियों को लाभांश वितरण के लिए जिस अवधि के लिए लाभांश अनुमोदित किया जाता है उसे कंपनी के वित्तीय विवरण में उसी अवधि के लिए देनदारी के रूप में माना गया है।

24 सेगमेंट रिपोर्टिंग

24.1 विद्युत उत्पादन, कंपनी की मुख्य व्यापारिक गतिविधि है। भारतीय लेखाकरण मानक(इंड एएस)–108– 'प्रचालन सेगमेंट' के अनुसार प्रबंधन तथा परामर्श कार्य रिपोर्ट योग्य सेगमेंट नहीं हैं।

31 मार्च, 2018 के अनुसार तुलन–पत्र

राशि लाख रु. में

विवरण	टिप्पणी संख्या	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार	
परिसंपत्तियां					
गैर–चालू परिसंपत्तियां					
(क) संपत्ति, प्लांट एवं पुर्जे	1		7,32,768		7,80,642
(ख) पूंजीगत कार्य प्रगति पर	2		3,94,994		3,03,496
(ग) अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां	1		33		45
(घ) विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां	2		33		33
(ड.) वित्तीय परिसंपत्तियां					
(i) दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम	3	4,483		4,694	
(ii) अन्य गैर–चालू वित्तीय परिसंपत्तियां	4	1,582	6,065	1,881	6,575
(च) आस्थगित कर परिसंपत्तियां (निवल)	5		76,219		70,941
(छ) अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां	6		69,965		91,914
चालू परिसंपत्तियां					
(क) माल सूची	7		3,000		3,264
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां					
(i) प्राप्य व्यापार	8	1,30,726		1,73,228	
(ii) नकदी तथा नकदी समकक्ष	9	6,102		6,707	
(iii) उपरोक्त (ii) के अलावा अन्य बैंक बकाया	10	37		25,037	
(iv) अल्पकालिक ऋण तथा अग्रिम	11	4,578		4,305	
(v) अन्य चालू वित्तीय परिसंपत्तियां	12	167	1,41,610	179	2,09,456
(ग) चालू कर परिसंपत्तियां (निवल)	13		9,047		8,107
(घ) अन्य चालू परिसंपत्तियां	14		5,983		6,322
जोड़			**14,39,717**		**14,80,795**
इक्विटी एवं देयताएं					
इक्विटी					
क) इक्विटी शेयर पूंजी	15	3,62,743		3,59,888	
ख) अन्य इक्विटी		4,88,384	8,51,127	4,50,193	8,10,081
गैर चालू देनदारियां					
(क) वित्तीय देनदारियां					
(i) दीर्घकालिक ऋण	16	2,41,530		4,04,185	

राशि लाख रु. में

विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार	
(ii) गैर चालू वित्तीय देनदारियां	17	2,200		934	
(iii) अन्य गैर चालू वित्तीय देनदारियां	18	284	2,44,014	220	4,05,339
ख) अन्य दीर्घकालिक देनदारियां	19		97,907		1,04,729
ग) दीर्घकालिक प्रावधान	20		35,087		38,970
चालू देनदारियां					
(क) वित्तीय देनदारियां					
(i) अल्पकालिक ऋण	21	64,663		38,724	
(ii) व्यापार देयताएं	22	53		41	
(iii) अन्य चालू देनदारियां	23	1,21,422	1,86,138	68,815	1,07,580
ख) अन्य चालू देनदारियां	24		4,429		3,749
ग) अल्पकालिक प्रावधान	25		21,015		10,347
घ) चालू कर देनदारियां (निवल)	26		0		0
जोड़			**14,39,717**		**14,80,795**

महत्वपूर्ण लेखा संबंधी नीतियों के विवरण तथा संलग्न टिप्पणी इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न अंग है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(रश्मि शर्मा)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. 26692

(श्रीधर पात्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06500954

(डी. वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 03107819

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
आईसीएआई का एफआरएन 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या – 073695

दिनांक: 11.08.2018
स्थान : ऋषिकेश

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि का विवरण

राशि लाख रु. में

विवरण	टिप्पणी संख्या	31.03.2018 को समाप्त वर्ष के लिए		31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए	
आय					
लगातार प्रचालनों से प्राप्त राजस्व	27		2,19,064		2,09,474
अन्य आय	28		3,809		14,123
सिंचाई घटक के कारण आस्थगित राजस्व		6,822		6,531	
घटाएं : सिंचाई घटक पर मूल्यह्रास	1	6,822	0	6,531	0
कुल राजस्व			**2,22,873**		**2,23,597**
व्यय					
कर्मचारी लाभ व्यय	29		30,649		25,425
वित्त लागत	30		22,787		29,106
मूल्यह्रास और परिशोधन	1		57,452		52,557
सामान्य प्रशासन और अन्य व्यय	31		20,342		19,513
अशोध्य एवं संदिग्ध ऋण और स्टोर एवं स्पेयर हेतु प्रावधान	32		0		445
कुल व्यय			**1,31,230**		**1,27,046**
असाधारण मदों और टैक्स से पूर्व लाभ			**91,643**		**96,551**
असाधारण मदें–(आय)/व्यय–निवल			554		16,146
कर पूर्व लाभ			**91,089**		**80,405**
कर व्यय	**33**				
चालू कर					
आयकर			19,056		17,154
आस्थगित कर–परिसंपत्ति			(5,083)		(8,142)
I लगातार परिचालन से अवधि के लिए लाभ			**77,116**		**71,393**
II अन्य बृहत आय					
(i) मदें जो लाभ या हानि में वर्गीकृत नहीं की जाएगी :					
परिभाषित हित लाभ योजनाओं का पुनः मापन	34		563		(414)
परिभाषित हितलाभ योजनाएं–आस्थगित कर परिसंपत्ति			195		144

राशि लाख रु. में

विवरण	टिप्पणी संख्या	31.03.2018 को समाप्त वर्ष के लिए		31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए	
अन्य बृहत् आय			**758**		**(270)**
कुल बृहत् आय (I+II)			**77,874**		**71,123**
प्रति इक्विटी शेयर अर्जन					
(लगातार प्रचालनों के लिए)					
बेसिक (रु.)			215.24		198.86
डायल्यूटिड (रु.)			215.23		198.86

महत्वपूर्ण लेखा संबंधी नीतियों के विवरण तथा संलग्न टिप्पणी इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न अंग है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(रश्मि शर्मा)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. 26692

(श्रीधर पात्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06500954

(डी. वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 03107819

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
आईसीएआई का एफआरएन 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या – 073695

दिनांक: 11.08.2018
स्थान : ऋषिकेश

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

राशि लाख रु. में
(कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े कटौती के हैं)

विवरण	31.03.2018 को समाप्त वर्ष के लिए		31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए	
क. प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह				
कर पूर्व निवल लाभ, पूर्वावधि समायोजन				
एवं असाधारण मदें		**91,643**		**96,551**
निम्नलिखित के लिए समायोजन:-				
मूल्यह्रास (पूर्वावधि मूल्यह्रास सहित)	57,452		52,574	
मूल्यह्रास–सिंचाई भाग	@6,822		6,531	
प्रावधान	-	-	445	
ऋणों पर ब्याज	22,787		29,106	
अन्य बृहत आय (ओसीआई)	563		(414)	
एसओसीआईई के जरिए पूर्वावधि समायोजन	317		117	
असाधारण मदें	(554)	87,387	(16,146)	72,213
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ		**1,79,030**		**1,68,764**
निम्नलिखित के लिए समायोजन :-				
माल सूची	264		(76)	
प्राप्य व्यापार	42,502		33,970	
अन्य परिसंपत्तियां	655		(428)	
ऋण और अग्रिम (वर्तमान+गैर चालू)	(1,002)		(4,387)	
व्यापार देय और देनदारियां	(15,973)		2,482	
प्रावधान (वर्तमान+गैर चालू)	6,785	33,231	(3,999)	27,562
कर पूर्व प्रचालनों से प्राप्त नगदी प्रवाह		**2,12,261**		**1,96,326**
कारपोरेट कर		(19,056)		(17,154)
प्रचालनों से निवल नगदी (क)		**1,93,205**		**1,79,172**
ख. निवेश गतिविधियों से नगदी प्रवाह				
निम्नलिखित में परिवर्तन				
संपत्ति प्लांट एवं पुर्जे तथा सीडब्ल्यूआईपी	(1,07,886)		(1,51,762)	
पूंजी अग्रिम	21,944		(30,092)	
निवेश गतिविधियों से निवल नगदी प्रवाह (ख)		**(85,942)**		**(1,81,854)**
ग. वित्तीय गतिविधियों से नगदी प्रवाह				
शेयर पूंजी (लंबित आबंटन सहित)	3,200		4,000	
उधारियां	(98,875)		53,465	
ब्याज और वित्तीय प्रभार	(22,787)		(29,106)	
लाभांश तथा लाभांश पर कर	(40,345)		(36,575)	
वित पोषण गतिविधियों से निवल नगदी प्रवाह(ग)		**(1,58,807)**		**(8,216)**

राशि लाख रु. में
(कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े कटौती के हैं)

विवरण	31.03.2018 को समाप्त वर्ष के लिए		31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए	
घ. वर्ष के दौरान निवल नकदी प्रवाह (क+ख+ग)		(51,544)		(10,898)
ड. आरंभिक नगदी तथा नगदी समकक्ष		(6,980)		3,918
च. समापन नगदी तथा नगदी समकक्ष (घ+ड.)		(58,524)		(6,980)

टिप्पणी:

1. नगदी और नगदी समकक्ष राशियों में 37 लाख रू. (गत वर्ष में 25037 लाख रू.) का बैंक शेष शामिल है जो निगम द्वारा इस्तेमाल के लिए उपलब्ध नहीं है।
2. पिछले वर्ष के आंकडों को, जहां कहीं आवश्यक समझा गया है, पुनः समूहबद्ध / पुनःव्यवस्थित / पुनः दर्शित किया गया है।
3. नगदी और नगदी समकक्ष का मिलान नोट सं. 37.19 (क) में कर दिया गया है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(रश्मि शर्मा)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. 26692

(श्रीधर पात्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06500954

(डी. वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 03107819

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
आईसीएआई का एफआरएन 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या – 073695

दिनांक: 11.08.2018
स्थान : ऋषिकेश

इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी शेयर पूंजी

राशि लाख रू. में

विवरण	नोट सं.	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार
		राशि
रिपोर्टिंग अवधि के शुरू में शेष		3,59,888
अवधि के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन		2,855
रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अंत शेष		**3,62,743**

ख. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए अन्य इक्विटी

राशि लाख रू. में

			01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 तक आरक्षित एवं अधिशेष		अन्य बृहत् आय	
विवरण	नोट सं.	शेयर आवेदन राशि लंबित आबंटन	प्रतिधारित आय	डिबेंचर मोचन आरक्षित एवं अन्य	बीमांकिक लाभ/(हानि)	कुल
अथ शेष		**0**	**4,49,160**	**1,500**	**(467)**	**4,50,193**
लेखांकन नीति में परिवर्तन या पूर्व अवधि (आय)/व्यय	35		(317)			(317)
पुनर्अभिलिखित अथ शेष (I)		**0**	**4,49,477**	**1,500**	**(467)**	**4,50,510**
वर्ष के लिए लाभ			77,116			77,116
अन्य बृहत् आय					758	758
कुल बृहत् आय			**77,116**		**758**	**77,874**
लाभांश			33,521			33,521
लाभांश पर कर			6,824			6,824
प्रतिधारित आय को स्थानान्तरण (II)			**36,771**			**37,529**
डिबेंचर मोचन आरक्षित (III) को स्थानान्तरित			(1,500)			(1,500)
वर्ष के दौरान डिबेंचर मोचन आरक्षित वृद्धि/(उपयोग) (IV)				1,500		1,500
वर्ष के दौरान शेयर पूँजी आबंटन जमा/आबंटित (V)		345				345
अंतिम शेष (I+II+III-IV+V)		**345**	**4,84,748**	**3,000**	**291**	**4,88,384**

महत्वपूर्ण लेखा संबंधी नीतियों के विवरण तथा संलग्न टिप्पणी इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न अंग हैं।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(रश्मि शर्मा)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. 26692

(श्रीधर पात्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06500954

(डी. वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 03107819

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
आईसीएआई का एफआरएन 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या – 073695

दिनांक: 11.08.2018
स्थान : ऋषिकेश

टिप्पणी:- 1

संपत्ति संयंत्र एवं उपस्कर तथा अमूर्त परिसंपत्तियां

राशि लाख रु. में

विवरण	सकल ब्लॉक				मूल्यह्रास				निवल ब्लॉक	
	01 अप्रैल, 2017 के अनुसार	वर्ष के दौरान वृद्धि	वर्ष के दौरान बिक्री / समायोजन	31 मार्च, 2018 के अनुसार	01 अप्रैल, 2017 के अनुसार	01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च 2018 के बीच की अवधि के लिए	वर्ष के दौरान बिक्री / समायोजन	31 मार्च, 2018 के अनुसार	31 मार्च, 2018 के अनुसार	31 मार्च, 2017 के अनुसार
क–संपत्ति संयंत्र एवं उपस्कर										
लीज होल्ड परिसंपत्तियां										
1. लीज होल्ड भूमि	3,905	-	-	3,905	196	186	-	382	3,523	3,709
अन्य परिसंपत्तियां										
2. फ्री होल्ड भूमि	3,813	12	-	3,825	-	-	-	-	3,825	3,813
3. जलमग्न भूमि	1,60,625	4,444	-	1,65,069	48,165	7,386	-	55,551	1,09,518	1,12,460
4. भवन	83,298	5,749	(2)	89,045	17,670	3,113	258	21,041	68,004	65,628
5. अस्थायी भवन ढांचे	1,153	1,207	-	2,360	1,153	1,197	10	2,360	-	-
6. सड़क, पुल तथा पुलिया	13,908	2,126	-	16,034	2,749	520	9	3,278	12,756	11,159
7. जल निकासी, मल निकासी व्यवस्था तथा जलापूर्ति	1,541	599	-	2,140	576	89	-	665	1,475	965
8. निर्माण संयंत्र तथा मशीनरी	2,114	35	-	2,149	1,234	56	-	1,290	859	880
9. उत्पादन संयंत्र तथा मशीनरी	3,04,979	366	(434)	3,04,911	1,00,210	16,835	-	1,17,045	1,87,866	2,04,769
10. ई.डी.पी. मशीनें	1,412	48	(42)	1,418	950	188	(34)	1,104	314	462
11. विद्युत संस्थापनाएं	4,166	404	-	4,570	428	242	-	670	3,900	3,738
12. पारेषण लाइनें	2,436	25	-	2,461	915	127	-	1,042	1,419	1,521
13. कार्यालय तथा अन्य उपकरण	5,293	397	(15)	5,675	2,252	320	(11)	2,561	3,114	3,041
14. फर्नीचर तथा फिक्सचर	2,313	182	(5)	2,490	928	144	(3)	1,069	1,421	1,385
15. वाहन	1,407	156	(17)	1,546	689	83	(7)	765	781	718
16. रेलवे साइडिंग	122	-	-	122	37	4	-	41	81	85
17. हाइड्रोलिक कार्य– बांध एवं स्पिलवे	5,14,730	3,472	(12)	5,18,190	2,22,889	28,505	-	2,51,394	2,66,796	2,91,841
18. हाइड्रोलिक कार्य– टनल, पेनस्टॉक, केनाल्स इत्यादि	1,39,878	141	(39)	1,39,980	65,443	7,433	-	72,876	67,104	74,435
19. निवल बही मूल्य या निवल वसूलनीय मूल्य, जो कम हो, में अप्रयोज्यनीय / अप्रचलित आस्तियां	33	-	(21)	12	-	-	-	-	12	33
उप जोड़	**12,47,126**	**19,363**	**(587)**	**12,65,902**	**4,66,484**	**66,428**	**222**	**5,33,134**	**7,32,768**	**7,80,642**
पिछले वर्ष के आंकड़े	**11,59,549**	**88,335**	**(758)**	**12,47,126**	**4,07,151**	**59,817**	**(484)**	**4,66,484**	**7,80,642**	**7,52,398**
ख–अमूर्त परिसंपत्तियां										
1. अमूर्त परिसंपत्तियां–साफ्टवेयर	395	2	-	397	350	14	-	364	33	45
उप जोड़	**395**	**2**	**-**	**397**	**350**	**14**	**-**	**364**	**33**	**45**
पिछले वर्ष के आंकड़े	**393**	**2**	**-**	**395**	**331**	**19**	**-**	**350**	**45**	**62**
मूल्यह्रास का ब्यौरा					चालू वर्ष		पूर्व वर्ष			
ई.डी.सी को हस्तांरित मूल्यह्रास					2,168		748			
पीएंडएल विवरण को हस्तांरित मूल्यह्रास					57,452		52,557			
पीएंडएल विवरण को हस्तांरित मूल्यह्रास– उत्तर प्रदेश सरकार से सिंचाई अंशदान					6,822	66,442	6,531	59,836		
वर्ष के दौरान रू.1500.00 से अधिक परंतु रू. 5000.00 से कम की अचल परिसंपत्तियां प्राप्त की गई तथा पूरी तरह से उनका मूल्यह्रास किया गया					10		19			

1.1 कोटेश्वर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना (4x100 मेगावाट) के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा कंपनी को अंतरित 14.37 एकड़ भूमि को 01 रू. के कल्पित मूल्य पर लेखांकित किया गया है।

1.2 प्रशुल्क विनियम में सीईआरसी द्वारा प्रदान किए गए मूल्यह्रास दर पर विचार करते हुए जलमग्न भूमि परिशोधित की गई और तथ्य यह है कि गाद (सिल्ट) तथा अन्य प्रतिकूल सामग्री के कारण इसका कोई आर्थिक मूल्य नहीं होगा।

टिप्पणी :–2

पूंजीगत कार्य प्रगति पर एवं अमूर्त संपत्तियां विकासाधीन

राशि लाख रु. में

विवरण	31 मार्च, 2018 की समाप्ति पर					31 मार्च, 2018 की स्थिति अनुसार
	टिप्पणी सं.	01 अप्रैल, 2017 की स्थित अनुसार	वर्ष 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 के दौरान वृद्धि	वर्ष 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 के दौरान समायोजन	वर्ष 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 के दौरान पूंजीकरण	
क. निर्माण कार्य प्रगति पर						
भवन एवं अन्य सिविल कार्य		6,366	6,321	324	(5,489)	7,522
सड़क, पुल तथा पुलिया		1,061	1,588	14	(1,827)	836
जलापूर्ति, सीवरेज और जल निकासी		275	315	-	(590)	-
उत्पादन संयंत्र एवं मशीनरी		98,446	20,719	-	(233)	1,18,932
जलीय कार्य, बांध, स्पिलवे, जल मार्ग, वियर्स, सर्विस द्वार तथा अन्य जलीय कार्य		1,79,784	42,702	(143)	(4,243)	2,18,100
जलागम क्षेत्र वनीकरण		923	264	-	-	1,187
विद्युत संस्थान तथा उपकेन्द्र उपकरण		37	72	-	(21)	88
कोयल खान का विकास		0	3,761	0	0	3,761
अन्य		103	504	-	(482)	125
आबंटन होने तक व्यय						
सर्वेक्षण तथा विकास खर्च		9,772	16	-	-	9,788
निर्माण के दौरान व्यय	26.1	2,370	4,024	(2,370)		4,024
पुनर्वास व्यय						
पुनर्वास व्यय		4,359	28,535	-	(2,263)	30,631
घटाए : सीडब्ल्यूआईपी के लिए प्रावधान		-	-	-	-	-
जोड़		**3,03,496**	**1,08,821**	**(2,175)**	**(15,148)**	**3,94,994**
पिछले वर्ष के आंकड़े		**2,39,066**	**1,50,323**	**(2,493)**	**(83,400)**	**3,03,496**
ख) अमूर्त–पूंजीगत कार्य प्रगति पर						
अमूर्त–परिसंपत्तियां विकासाधीन		33	0	0	0	33
उप जोड़		**33**	**0**	**0**	**0**	**33**
पिछले वर्ष के आंकड़े		**33**	**0**	**0**	**0**	**33**

2.1 सीडब्ल्यूआईपी में मुख्य रूप से टिहरी पीएसपी, वीपीएचईपी और ढुकवाँ आदि जैसी निरंतर निर्माणाधीन परियोजनाएं शामिल हैं। चूँकि निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए क्षति का प्रश्न नहीं उठता।

टिप्पणी :– 3

दीर्घावधि ऋण और अग्रिम

राशि लाख रू. में

विवरण	टिप्पणी संख्या	31 मार्च, 2018 के अनुसार		31 मार्च, 2017 के अनुसार	
कर्मचारियों को ऋण					
प्रतिभूत		2,490		2,690	
अप्रतिभूत		717		1,072	
कर्मचारियों के दिए गए ऋणों पर उपार्जित ब्याज					
ख) संबद्ध पक्षकारों के साथ लेन–देन का सारांश (अनुबंधित जिम्मेदारियों को छोड़ कर) – सीएसआर गतिविधियों के लिए 'सेवा'–टीएचडीसी को 1620 लाख रूपये संवितरित किए गए।

ग) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को प्रदत्त पारिश्रमिक और भत्ते तथा अन्य लाभ और व्यय तथा स्वतंत्र निदेशकों की फीस तथा व्यय 167 लाख रु. (गत वर्ष 246 लाख रु.) है।

घ) संयुक्त उपक्रम कंपनियां – शून्य

9. प्रति शेयर आय (ईपीएस) – बेसिक और डायल्यूटेड

प्रति शेयर आय की गणना के लिए विचार किए जाने वाले तत्व (बेसिक और डायल्यूटेड) इस प्रकार हैं:

	2017-18	2016-17
करोपरांत निवल लाभ जिसका प्रयोग न्यूमरेटर के रूप में मे हुआ है (लाख रुपये)	₹ 77874	₹ 71123
इक्विटी शेयरों की औसत भारित संख्या जिन्हें डिनोमीनेटर के रूप में प्रयोग किया गया	बेसिक : 36181261.38 डायल्यूटेड : 36182301.11	बेसिक : 35988817.00 डायल्यूटेड : 35988817.00
प्रति शेयर आय रुपये बेसिक डायल्यूटेड	₹ 215.24 ₹ 215.23	₹ 198.85 ₹ 198.85
प्रति शेयर अंकित मूल्य	₹ 1000	₹ 1000

10. कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी इंड ए एस–12 ''आय कर'' के अनुपालन में रू. 5278 लाख (गत वर्ष 8286 लाख रुपये) की आस्थगित कर परिसंपत्तियों में निवल वृद्धि को लाभ एवं हानि विवरण में बुक किया गया है। 31 मार्च, 2009 तक की आस्थगित कर परिसंपत्तियां लाभग्राहियों को वापसी योग्य है, उसके पश्चात यह सीईआरसी विनियम 2009–2014 के अनुसार चालू करों का भाग है और वापसी योग्य नहीं है। संचयी आस्थगित कर देयताओं / परिसंपत्तियों का मदवार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(रुपये लाख में)

क्र.सं.		31.03.2018	31.03.2017
	आस्थगित कर परिसंपत्तियां (क)		
i)	बही मूल्यह्रास तथा कर मूल्यह्रास का अंतर	59703	51988
ii)	प्रारंभिक भारतीय लेखांकन मानक समायोजन	487	487
iii)	ओसीआई को वगीकृत वास्तविक लाभ/हानि	338	143
iv)	मूल्यह्रास के बाबत अग्रिम को कर गणना में आय के रूप मे माना जाए	6837	6837
v)	संदिग्ध ऋणों एवं भंडार के लिए प्रावधान	11626	12453
vi)	कर्मचारी हितलाभ योजनाओं के लिए प्रावधान	6516	8321
	कुल आस्थगित कर परिसंपत्तियां (क)	**85507**	**80229**
	आस्थगित कर देयता (ख)		
i)	बही मूल्यह्रास तथा कर मूल्यह्रास का अंतर	3572	3572
ii)	मूल्यह्रास के बावत अग्रिम को कर गणना में आय के रूप में माना जाए	- 472	- 472
iii)	संदिग्ध ऋणों एवं भंडार के लिए प्रावधान	- 1	- 1
iv)	कर्मचारी हित लाभ योजनाओं के लिए प्रावधान	- 124	- 124
	कुल आस्थगित कर देयता (ख)	**2975**	**2975**
	निवल आस्थगित कर देयता (परिसम्पत्तियां) (क)–(ख)	**82532**	**77254**

11. (i) **कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से संबंधित प्रकटन**

(क) कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अंतर्गत टीएचडीसीआईएल के सीएसआर दायित्वों को हाथ में लेने के लिए कंपनी प्रायोजित सेवा–टीएचडीसी, लाभ निरपेक्ष, सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत, के माध्यम से व्यय किए गए सीएसआर खर्च का ब्यौरा इस प्रकार है–

क्रम सं.	सीएसआर व्ययों के लिए गठित व्यय–शीर्ष	लाख रूपयों में
01	स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल एवं पेय जल	191
02	शिक्षा एवं कौशल विकास	749
03	सामाजिक कल्याण	26
04	वन एवं पर्यावरण, पशु कल्याण आदि	145
05	कला एवं संस्कृति, सार्वजनिक पुस्तकालय	196
06	ग्रामीण विकास परियोजनाएं	245
07	खेलकूद को बढ़ावा	20
08	प्रौद्योगिकी की वृद्धि में योगदान	1
09	अन्य	48
	कुल	**1621**

**टीएचडीसीआईएल के रू. 1620 लाख के योगदान तथा वर्ष के दौरान ब्याज की आय रू. 8 लाख से "सेवा–टीएचडीसी" द्वारा किया गया व्यय।

(ख) कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के प्रावधान के अनुसार 1617 लाख रू. (गत वर्ष 1528 लाख रूपए) की तुलना में चालू वित्त वर्ष के दौरान सीएसआर खर्च के रूप में रू. 1620 लाख (गत वर्ष 1528 लाख रूपए) की राशि खर्च की, जो पूर्ववर्ती 3 वित्त वर्षों के औसत निवल लाभ 2% के बराबर है।

(ग) कंपनी ने वर्ष 2017–2018 के दौरान नकद रूप से तथा कंपनी द्वारा सेवा–टीएचडीसी को खर्च की प्रकृति (पूंजी या राजस्व) के साथ नकद रूप से भुगतान किए जाने वाले खर्च का विवरण निम्नानुसार है–

(रू. लाख में)

		नकद राशि	अभी भुगतान किया जाना है	कुल
(i)	किसी परिसंपत्ति का निर्माण/अधिग्रहण	0	0	0
(ii)	(i) के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन पर	1620	0	1620

(ii) अनुसंधान एवं विकास व्यय से संबंधित प्रकटन

कंपनी ने वर्ष 2017–18 के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित आर एंड डी योजना के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान अनुसंधान एवं विकास पर 482 लाख रू. (पूँजी 244 लाख रू. और राजस्व 283 लाख रू.) गत वर्ष 434 लाख रू. (पूँजी शून्य), राजस्व 434 लाख रू. व्यय किया,

12. एम एस एम ई डी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं को 41 लाख रू. (गत वर्ष 01 लाख रू.) की मूल राशि का भुगतान नहीं किया गया। शेष बकाया 45 दिनों से कम अवधि का है।

13. कंपनी ने कर्मचारियों/कार्यालयों/अतिथि गृहों/अस्थायी शिविरों के लिए परिसर और वाहनों पट्टे/किराए पर लिए हैं। पट्टे पर लिए गए ये प्रबंध आमतौर पर आपसी सहमत शर्तों पर नवीकरणीय है। पट्टे किराये के भुगतान के लिए राशि में 952 लाख रू. (गत वर्ष 890 लाख) शामिल है।

14. i) कंपनी परिभाषित अंशदायी योजना के अंतर्गत ईपीएफओ द्वारा समय–समय पर घोषित नियत प्रतिशत पर परिवार पेंशन सहित नियोक्ता अंशदान का भुगतान भविष्य निधि को कर रही है। बीमांकित मूल्य रू. 'शून्य' (पिछले वर्ष रू. शून्य) के आधार पर योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य जो वर्तमान बाध्यता मूल्य **2528 लाख रू.** (पिछले वर्ष **208 लाख रू.**) की बढोत्तरी बहियों में प्रावधान की गई है।

ii) ''कर्मचारियों के हितलाभ'' के संबंध में इंड एएस–19 के प्रावधानों के तहत प्रकटीकरण।

31.03.2018 को किए गए वास्तविक मूल्यांकन का प्रयोग कर चालू अवधि के लिए कर्मचारियों के हित का प्रावधान किया गया है। तद्नुसार ''कर्मचारियों के हित'' के संबंध में भारतीय लेखांकन मानक 19 के प्रावधानों के तहत 31.3.2018 को समाप्त वित वर्ष के लिए प्रकटीकरण नीचे दिया गया है।

सारणी – 1 निम्नलिखित पर बीमांकित मूल्यांकन के लिए प्रमुख बीमांकित अनुमान

विवरण	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014
समाप्ति सूची	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)
छूट की दर	7.60%	7.50%	7.75%	8.0%	8.50%
भावी वेतन वृद्धि	8.00%	8.00%	8.00%	8.0%	6.50%

सारणी – 2 दायित्वों के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन

रूपए लाख में

(नकारात्मक शेष के आंकडे कोष्ठक में दर्शाए गए हैं)

विवरण	उपदान	अर्जित अवकाश (ईएल)	अस्वस्थता अवकाश (एचपीएल)	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अन्य–बैगेज भत्ता / लंबी सेवा अवार्ड / एफबीएस
वर्ष के आरंभ में पीवीओ	17003 {14638}	5398 {3714}	12388 {10330}	5639 {4598}	862 {805}
ब्याज लागत	1275 {1134}	337 {288}	929 {801}	423 {356}	65 {62}
पूर्व सेवा लागत	{1145}				
चालू सेवा लागत	684 {796}	213 {307}	402 {573}	221 {168}	73 {50}
लाभ का भुगतान	(691) {(574)}	(3628) {(579)}	(223) {176}	(135) {(127)}	(80) {(93)}
बीमांकिक (लाभ) / हानि	(785) {137}	452 {1668}	(4615) {861}	122 {643}	(28) {38}
वर्ष के अंत में पी वी ओ	17486 {17003}	2772 {5398}	8881 {12388}	6270 {5639}	892 {862}

सारणी–3 तुलन–पत्र में अभिस्वीकृत राशि

रूपए लाख में

(नकारात्मक शेष के आंकड़े कोष्ठक में दर्शाए गए हैं)

विवरण	उपदान	अर्जित अवकाश (ईएल)	अस्वस्थता अवकाश (एचपीएल)	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अन्य–बैगेज भत्ता / लंबी सेवा अवार्ड / एफबीएस
वर्ष के अंत में पीवीओ	17486 {17003}	2772 {5398}	8881 {12388}	6270 {5639}	892 {862}
वर्ष के अंत में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य					
गैर वित्त पोषित लैब / प्रावधान	17486 {17003}	2772 {5398}	8881 {12388}	6270 {5639}	892 {862}
चिन्हित न हुए बीमांकित लाभ / हानि					
तुलन–पत्र में मान्यता निवल देयता	17486 {17003}	2772 {5398}	8881 {12388}	6270 {5639}	892 {862}

सारणी – 4 लाभ और हानि, ओसीआई / ईडीसी खाते में अभिस्वीकृत राशि

रूपए लाख में

(नकारात्मक शेष के आंकडे कोष्ठक में दर्शाए गए हैं)

विवरण	उपदान	अर्जित अवकाश (ईएल)	अस्वस्थता अवकाश (एचपीएल)	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अन्य–बैगेज भत्ता / लंबी सेवा अवार्ड / एफबीएस
वर्तमान सेवा लागत	684 {796}	213 {307}	402 {573}	221 {168}	73 {50}
सेवा पूर्व लागत	{1145}				
ब्याज लागत	1275 {1134}	337 {288}	929 {801}	423 {356}	65 {62}
ओसीआई में वर्ष के लिए मान्यता प्राप्त निवल बीमांकिक (लाभ) / हानि	(785) {137}	452 {1668}	(4616) {861}	122 {643}	(28) {38}
वर्ष के लिए लाभ और हानि / ईडीसी में मान्यता प्राप्त व्यय विवरण	1959 {3076}	1003 {2263}	(3284) {2234}	644.05 {525}	138 {112}

अन्य प्रकटन

उपदान	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	17486	17003	14638	13741	11049
बीमांकिक (लाभ) / हानि				2266	593
बीमांकिक (लाभ) / हानि ओसीआई के विवरण के माध्यम से मान्यता प्राप्त	(785)	(137)	(205)		
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि / ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	1959	3076	1597	3880	1917

अर्जित अवकाश (ईएल)	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	2772	5398	3714	5875	4909
बीमांकिक (लाभ) / हानि	452	1668	835	2131	938
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि / ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	1003	2263	1521	2876	1562

अस्वस्थता अवकाश (एचपीएल)	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	8881	12388	10330	9382	4664
बीमांकिक (लाभ) / हानि	(4616)	861	(1)	4288	(467)
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि / ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	(3284)	2234	1242	5147	146

सेवा के उपरांत चिकित्सीय लाभ (पीआरएमबी)	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	6270	5639	4598	3692	2326
बीमांकिक (लाभ)/हानि	122	643	616	1118	118
बीमांकिक (लाभ)/हानि ओसीआई के विवरण के माध्यम से मान्यताप्राप्त	122	643	616	-	-
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि/ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	644	525	1047	1433	357

अन्य बैगेज भत्ता/लंबी सेवा अवार्ड/एफबीएस	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	892	862	805	735	632
बीमांकिक (लाभ)/हानि	(28)	38	12	64	(86)
बीमांकिक (लाभ)/हानि ओसीआई के विवरण के माध्यम से मान्यता प्राप्त	(28)	38	12		
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि/ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	138	112	149	118	5

15. भारत सरकार द्वारा गठित तीसरी पीआरसी की सिफारिशों पर विचार कर कंपनी के कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण के लिए 31.03.2018 तक 10337 लाख रू. (पिछले वर्ष 719 लाख रू.) की राशि को हिसाब में लिया गया है।

16. लेखा परीक्षकों को भुगतान (सेवा कर/जीएसटी सहित)

रूपए लाख में

		2017-18	2016-17
I.	सांविधिक लेखा परीक्षा शुल्क	10*	10*
II.	कराधान मामलों के लिए (कर लेखा परीक्षा)	2	2
III.	कंपनी कानूनी मामलों के लिए	------	------
IV.	प्रबंधन सेवाओं के लिए	------	------
V.	अन्य सेवाओं के लिए (प्रमाणन)	6	1
VI.	व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए	2	2

*वार्षिक आम सभा में अनुमोदन के अध्यधीन

17. लाइसेंसशुदा तथा संस्थापित क्षमताएं :

क्र.सं.	विवरण	2017-18	2016-17
(i)	लाइसेंसशुदा क्षमता (मे.वा.)	लागू नही**	लागू नही**
(ii)	सस्थापित क्षमता (मे.वा.)	1513 मे.वा.	1513 मे.वा.
(iii)	अनुमोदित क्षमता (मे.वा.)	2981 मे.वा.	2981 मे.वा.
(iv)	बिजली के उत्पादन एवं बिक्री के संबंध में मात्रात्मक सूचना (मिलियन यूनिटों में)		
	वाणिज्यिक उत्पादन		
	कुल उत्पादन	**4540.939605**	**4430.000424**
	बिक्री (गृह राज्य को निःशुल्क विद्युत देने और अनुषंगी खपत एवं रूपांतरण हानियों के बाद निवल)	**4004.091416**	**3890.6502761**

** विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 7 के अनुसार कोई भी उत्पादक कंपनी, इस अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त किए बिना उत्पादन स्टेशन स्थापित कर सकती है, प्रचालन कर सकती है; अनुरक्षित कर सकती है और उत्पादन कर सकती है। इसलिए लाइसेंसशुदा क्षमता लागू नहीं है।

18. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार अपेक्षित अतिरिक्त सूचनाएं इस प्रकार है

(रूपए लाख में)

	विवरण	2017-18	2016-17
क	**विदेशी मुद्रा में व्यय (नकद आधार पर)**		
	यात्रा	20	14
	परामर्श और व्यावसायिक व्यय	236	293
	प्रबंधन और प्रतिबद्धता शुल्क		125.00
	ऋण एवं ब्याज की चुकौती	1315	
	माल का आयात	2571	12517
	अन्य (अग्रिम)		
	सम्मेलन के लिए नामांकन		
	साफ्टवेयर की खरीद		
	अन्य		
	कुल	**4142.00**	**12949.00**
ख	**विदेशी मुद्रा में अर्जन (नकद आधार पर)**	**0**	**0**
ग	**सीआईएफ आधार पर परिकलित आयातों का मूल्य**		
i)	पूंजीगत माल	2602	13087
ii)	अतिरिक्त पुर्जे		
	कुल	**2602**	**13087**
घ	**उपभोज्य घटकों, स्टोर्स और अतिरिक्त पुर्जों का मूल्य**		
i)	आयातित (लाख रूपए में)	3	68
	(%)	0.32	14
ii)	देशी (लाख रूपए में)	915	444
	(%)	99.68	86
ड.	**निर्यात का मूल्य**	**0.00**	**0.00**

19. क) नकदी प्रवाह विवरण और तुलन पत्र के बीच नकद एवं नकद प्रवाह का मिलान निम्नानुसार है:

(लाख रूपये में)

विवरण	टिप्पणी सं.	31.03.2018	31.03.2017
नकदी तथा नकदी समतुल्य	9	6102	6707
लियन के तहत बैंक शेष	10	37	25037
ओवर ड्राफ्ट शेष	21	- 64663	- 38724
नकदी प्रवाह विवरण के अनुसार नकदी एवं नकदी समतुल्य		- 58524	- 6980

ख) मार्च, 2017 में कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने इंडएएस 7 "नकदी प्रवाह विवरण" को अधिसूचित करते हुए कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक संशोधन) नियम, 2017 जारी किए हैं। ये संशोधन अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकरण मानक बोर्ड (एएसबी) द्वारा नकद प्रवाह के आईएएस 7 विवरण में हाल में किए गए संशोधन के अनुरूप हैं।

ये संशोधन 01 अप्रैल, 2017 से कंपनी पर लागू हैं और वे अतिरिक्त प्रकटन का आरंभ करते हैं जिनसे वित्तीय विवरणों के प्रयोगकर्ता नकदी प्रवाह और गैर नकदी परिवर्तन दोनों प्रकार की वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न देयताओं में परिवर्तन का मूल्यांकन कर सकेंगे और इसमें प्रकटन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली देयताओं के तुलन– पत्र में प्रारंभिक और अंत शेष के बीच समायोजन को शामिल करने के बारे में सुझाव दिया गया है।

(रूपए लाखों में)

वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह 2017-18	प्रारंभिक	चालू वर्ष	अंत	परिवर्तन	अभ्युक्ति
जारी की गई शेयर पूँजी (लंबित आबंटन सहित)	359888		363088	3200	वीपीएचईपी के लिए भारत सरकार से प्राप्त इक्विटी
दीर्घकालिक उधारियाँ (बाँड तथा अन्य प्रतिभूत ऋण)	441688		342813	98875	विनिमय दर 1343 सहित आहरित ऋण, ऋण पुनर्अदायगी 100218, निवल परिवर्तन 98875
ऋणों पर ब्याज संदत्त वित्तीय लागत घटाएँ पूँजीकृत सीडब्ल्यूआईपी		37359 (14572)		(22787)	लाभ और हानि को प्रभारित
भुगतान किया गया लाभांश और लाभांश वितरण कर				(40345)	2016–17 के लिए अंतिम लाभांश एवं 2017–18 के लिए अंतरिम लाभांश
वित्त पोषण से निवल नकदी प्रवाह				(158807)	

20. (क) व्यापार प्राप्य और भुगतान देनदारियों जमा, ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं/अन्य को अग्रिम जिसमें पूँजी व्यय और ठेकेदारों को जारी सामग्री शामिल है, के संबंध में प्रत्येक पक्षकार से 5 लाख रू. या इससे ऊपर के बकाया शेष के लिए संबंधित वित्तीय वर्ष में 31 दिसम्बर को पुष्टिकरण मांगा जाता है। 31 दिसम्बर, 2017 को शेष तथा 31.03.2018 को बकाया की स्थिति की पुष्टि निम्नानुसार है:

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	विवरण	31.12.2017 को			'ख' से पुष्टि	31.03.2018 को
		< ₹5 लाख	> ₹5 लाख	कुल रु. लाख में		
		क	ख	ग=क+ख		
1	व्यापार प्राप्य जिसमें विनायामक कर्जदार शामिल नहीं है	0	170392	170392	169924	130726
2	आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और छोटे जमाकर्ताओं को अग्रिम	90	89265	89355	83109	83610
3	प्रतिभूति जमा/प्रतिधारण धनराशि, व्यापार प्राप्य और जमाकर्ता	1082	14256	15338	10317	18260

ख) प्रबंधन की राय में अपुष्ट शेष राशियों का कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं होगा।

21. लेखाकरण नीति में परिवर्तन

क्र.सं.	नीति	प्रभाव
1	'सामान्य' के संबंध में लेखांकन नीति संख्या में संशोधन। शब्द **''कुछ निर्धारित कंपनियों के लिए 01 अप्रैल, 2016 से इंडएएस अनिवार्य बना दिए गए हैं''** जिसे **01 अप्रैल, 2016** से प्रतिस्थापित किया गया है।	कोई वित्तीय प्रभाव नहीं। बेहतर समझ के लिए संशोधन किया गया।
2	संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर से संबंधित लेखांकन नीति संख्या 3.5 में संशोधन। शब्द **(निवल निपटान आगम और परिसंपत्ति की वाहक राशि के अनुसार परिकलित)** जोड़े गए हैं	कोई वित्तीय प्रभाव नहीं। बेहतर समझ के लिए संशोधन किया गया।
3	पूँजी कार्य प्रगति पर से संबंधित लेखाकरण नीति संख्या 4.3 में संशोधन। **''अवर्गीकृत भूमि''** शब्दों को **''जलमग्न भूमि''** से प्रतिस्थापित किया गया है।	कोई वित्तीय प्रभाव नहीं। लेखा परीक्षा की अभ्युक्तियाँ और सीईआरसी विनियम ध्यान में रख कर संशोधन किया गया है।
4	सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के अतिरिक्त वित्तीय परिसंपत्तियों से संबंधित लेखाकरण नीति 8.4 में संशोधन **''प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में ईआईआर की गणना की जाती है''** शब्द जोड़े गए हैं।	कोई वित्तीय प्रभाव नहीं। बेहतर समझ के लिए संशोधन किया गया है।
5	वित्तीय देनदारियों से संबंधित लेखांकन नीति संख्या 10.4.1 में संशोधन। **''प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में ईआईआर की गणना की जाती है''** शब्द जोड़े गए हैं।	कोई वित्तीय प्रभाव नहीं। बेहतर समझ के लिए संशोधन किया गया है।

क्र.सं.	नीति	प्रभाव
6	सरकारी अनुदानों से संबंधित लेखांकन नीति संख्या 11.1 में संशोधन। **''पूँजी रिजर्व''** शब्द को **"गैर चालू देयता के अंतर्गत गैर प्रचालनरत आस्थगित आय"** से प्रतिस्थापित कर दिया गया है।	इंडएएस के अनुपालन में लाभ और हानि विवरण के माध्यम से सिंचाई घटक का परिशोधन किया जाता है। 6822 लाख रु. को आस्थगित राजस्व और सिंचाई घटक के संबंध में मूल्यह्रास के रूप में दर्शाया गया है। इसलिए निवल वित्तीय प्रभाव नहीं है।
7	आय कर से संबंधित लेखांकन नीति संख्या 19.2.3 में संशोधन। **''आस्थगित कर लाभ और हानि के विवरण में मान्य होता है, सिवाय उस सीमा तक, जिस सीमा तक यह अन्य समग्रित आय या इक्विटी में मान्य मुद्दों से संबंधित हो, उस स्थिति में यह अन्य समग्रित आय या इक्विटी में मान्य होता है''** शब्द जोड़े गए है।	कोई वित्तीय प्रभाव नहीं। बेहतर समझ के लिए संशोधन किया गया है।

22. चालू वर्ष के ऑकड़ों के साथ ऑकड़ों को तुलनीय बनाने के लिए जहाँ कहीं आवश्यक समझा गया है, पिछले वर्ष के आँकड़े पुनः समूहबद्ध/पुनः वर्गीकृत किए गए हैं।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(रश्मि शर्मा)
कंपनी सचिव
संदस्यता सं. 026692

(श्रीधर पात्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06500954

(डी. वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 03107819

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
आईसीएआई का एफआरएन 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या – 073695

दिनांकः 11.08.2018
स्थान : ऋषिकेश

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्यगण

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड

वित्तीय विवरणों के संबंध में रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2018 तक की स्थिति के अनुसार टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (कंपनी) के वित्तीय विवरणों तथा उसके साथ समाविष्ट उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि (अन्य व्यापक आय सहित) विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों के सार और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं की लेखा परीक्षा की है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नगदी प्रवाह को सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुपालन के साथ कंपनी के संगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) सहित सही और स्पष्ट दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड के रख–रखाव और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने, उचित लेखांकन नीतियों का चयन करने और उन्हें लागू करने, उन पर निर्णय करने और उन अनुमानों पर जो कि उचित, व्यावहारिक और परिकल्पित कार्यान्वित और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का रख–रखाव करने जिससे लेखा रिकार्ड सही व पूर्ण हों, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली प्रचालन, वित्तीय विवरणों को तैयार करने से संबंधित तैयारियां करने तथा जो सही और उचित दृश्य प्रस्तुत करते हैं भले ही वे धोखाधड़ी और अशुद्धि के कारण हों, इन्हें तैयार और प्रस्तुतीकरण के लिए संगत डिजाइन, कार्यान्वयन और आंतरिक नियंत्रण का रख–रखाव भी इसमें शामिल हैं।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना है।

हमने अधिनियम के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए लेखांकन और लेखापरीक्षण मापदंडों और मामलों जिनको अधिनियम और उसके तहत बने नियमों के प्रावधानों के तहत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने की आवश्यकता है, को ध्यान में रखा है।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट किए गए लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा की है। इन मानकों में अपेक्षा की गई है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का पालन करें और क्या वित्तीय विवरण गलतबयानी से मुक्त हैं, के बारे में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना बनाएं और निष्पादन करें।

लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का निष्पादन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं वित्तीय विवरणों की गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या अशुद्धि के कारण हो, के मूल्यांकन सहित लेखापरीक्षक के अनुमान पर निर्भर करती हैं।

उन जोखिम मूल्यांकनों को बनाने में लेखापरीक्षक वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उचित प्रस्तुतीकरण पर कंपनी के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार करता है ताकि लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं, जो परिस्थितियों में उपयुक्त है, तैयार की जा सकें। लेकिन वित्तीय रिपोर्टिंग और ऐसे नियंत्रणों को प्रभावी तरीकों से प्रचालित करने की एक पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था कंपनी में है उस पर विचार व्यक्त करने के प्रयोजन के लिए नहीं है। लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और कंपनी के निदेशकों के द्वारा बनाए गए लेखाकरण अनुमानों की तर्कसंगति के साथ–साथ वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरणों का मूल्यांकन भी शामिल है।

हमारा विश्वास है कि हमारे वित्तीय विवरणों पर प्राप्त किया गया लेखा परीक्षा साक्ष्य हमारी लेखा परीक्षा पर राय के लिए आधार देने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

राय

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार वित्तीय विवरण अधिनियम द्वारा अपेक्षित, यथा अपेक्षित ढंग से, सूचना देते हैं और भारत में स्वीकार्य सामान्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरुप सही व निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं।

(क) कंपनी के कार्य के संबंध में तुलनपत्र के मामले में, दिनांक 31 मार्च, 2018 को;

(ख) हानि व लाभ विवरणों और व्यापक आय सहित के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ के लिए; और

(ग) नकदी प्रवाह विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी का नकदी प्रवाह।

(घ) इक्विटी में बदलाव के विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इंक्विटी में बदलाव।

मामले पर बल

हम वित्तीय विवरणों की टिप्पणी के संबंध में निम्नलिखित मामलों की ओर ध्यान आर्षित करना चाहते हैं–

क) बिक्री के लेखाकरण के संबंध में वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 27.1 के साथ पठित राजस्व मान्यता पर लेखाकरण नीति सं. 13 के अनुसार वर्ष 2014–19 की अवधि के लिए अनंतिम रूप से अनुमोदित प्रशुल्क के आधार पर बिक्री को मान्यता दी गई है।

(ख) प्रासंगिक देयताओं के संबंध में वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 37 का पैरा 2, जिसमें दावे/माध्यस्थम कार्यवाही तथा कंपनी द्वारा अथवा ठेकेदारों तथा अन्यों द्वारा न्यायालय में दायर मामलों के परिणामों की अनिश्चितता के संबंध में उल्लेख किया गया है।

(ग) 31.03.2018 को बकाया शेष राशि की पुष्टि से संबंधित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 37 का पैरा 20 जो इसकी पुष्टि वर्ष में एक बार 31 दिसंबर, 2017 को करने के संबंध में है।

(घ) कंपनी के नियंत्रण के बाहर के कारकों से टिहरी पीएसपी और वीपीएचईपी परियोजनाएं पूरा होने में विलंब से संबंधित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 37 का पैरा 7

इन मामलों के संबंध में हमारी राय भिन्न नहीं है।

विधिक तथा विनियामक आवश्यकताओं के संबंध में रिपोर्ट

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा (11) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 द्वारा यथापेक्षित विवरण उक्त आदेशों के पैराग्राफ 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामले के संबंध में **'अनुलग्नक क'** में प्रस्तुत हैं।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने कंपनी अधिनियम–2013 की धारा 143 की उपधारा (5) की शर्तों पर जांच वाले क्षेत्रों को दर्शाते हुए निर्देश जारी कर दिए गए हैं जिनका अनुपालन **'अनुलग्नक–ख'** में किया गया है।

3. अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा यथापेक्षित हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(क) हमने वे सभी सूचनाएं देखी हैं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे द्वारा की जाने वाली लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक हैं।

(ख) हमारी राय में बहियों की हमारी छानबीन से अब तक प्रतीत होता है कि कंपनी द्वारा विधि की अपेक्षानुसार उपयुक्त लेखा बहियां रखी गई हैं।

(ग) इस रिपोर्ट में शामिल किया गया तुलनपत्र, लाभ हानि (अन्य व्यापक आय सहित) विवरण और नकदी प्रवाह विवरण इक्विटी में परिवर्तन संबंधी विवरण का इस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है जो लेखा विवरणों के अनुरुप है।

(घ) हमारी राय में एक मात्र उल्लिखित वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित धारा 133 के विशिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरुप है।

(ड.) कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. जीएसआर 463 ई. दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार अधिनियम की धारा 164 (2) के प्रावधान जो निदेशकों की अनर्हता से संबद्ध है, कंपनी पर लागू नहीं है।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनात्मक कारगरता के संबंध में **अनुलग्नक 'ग'** में हमारी पृथक रिपोर्ट देखें।

(छ) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में

शामिल किए जाने वाले अन्य मामले में हमारी राय और सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पंष्टीकरण के अनुसार है–

i. कंपनी ने इसके वित्तीय विवरणों में इसकी वित्तीय स्थिति पर लंबित कानूनी मुकदमों के प्रभाव का खुलासा कर दिया है– वित्तीय विवरण की टिप्पणी 37.2 को देखें।

ii. कंपनी के पास गौण संविदाओं सहित दीर्घावधि संविदाओं में कोई भी ऐसी सामग्री की नहीं हैं जिसमें हानि की संभावना हो।

iii. कंपनी के निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि में किसी प्रकार की राशि को अंतरित करने की आवश्यकता नहीं है।

पी डी अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण नं. 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता सं.: 073695

स्थानः ऋषिकेश
दिनांकः 11.08.2018

अनुलग्नक–क

टीएचडीसी इंडिया लि. की लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट का भाग

("अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाएं "शीर्षक के अंतर्गत इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के पैराग्राफ 1 में संदर्भित अनुलग्नक 'क')

हम रिपोर्ट करते है कि:–

i. (क) कंपनी ने सामान्य रूप से संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों की मात्रा, विवरण और स्थिति सहित पूरे विवरण दर्शाते हुए संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों का समुचित रिकार्ड रखा है। परिसंपत्तियों के संचालन के लिए रिकार्ड ठीक प्रकार से रखे गए हैं।

(ख) वर्ष के दौरान संपत्तियों, संयंत्र और उपस्करों की वास्तविक जांच सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्म द्वारा की गयी है तथा सत्यापन के दौरान कोई बड़ी विसंगति नहीं पाई गई जिसका लेखा–बही में उपयुक्त रुप से निपटान न किया गया हो। हमारी राय में कंपनी के आकार एक व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सत्यापन की बारंबारता उचित है।

(ग) हमें प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा कंपनी के अभिलेख की जांच के आधार पर स्पष्ट होता है कि कंपनी की फ्री होल्ड तथा लीज आधार पर जमीन कंपनी के नए नाम टीएचडीसी इंडिया लि. से पहले टिहरी बांध परियोजना अथवा टिहरी हाइड्रो डेवलेपमेंट कारपोरेशन लि. के नाम पर प्राप्त की गयी। टिप्पणी क्रमांक 37.5 (ii) से विदित होता है कि स्वामित्व विलेख में 610.35 हेक्टे. फ्री होल्ड भूमि को पुराने नाम से नए नाम में परिवर्तित करने के लिए कार्रवाई प्रारंभ की गयी है टिप्पणी 37.5(iii) से विदित होता है कि 44.429 हैक्टे. की सिविल सोयम भूमि के लिए लीज डीड का क्रियान्वयन प्रक्रियाधीन है और टिप्पणी 37.5 (iv) से विदित होता है कि 0.757 हैक्टे. फ्री–होल्ड भूमि एवं 4.668 हैक्टे. लीज होल्ड भूमि के लिए स्वामित्व हस्तांतरण और लीज डीड का क्रियान्वयन प्रक्रियाधीन है।

ii. माल सूचियों की वास्तविक सत्यापन सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्म द्वारा की गई है। हमारी राय में भौतिक सत्यापन की बारंबारता उचित है। माल सूचियों के भौतिक सत्यापन के दौरान कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पायी गई।

iii. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों से कंपनी ने कोई सुरक्षित अथवा असुरक्षित ऋण नहीं दिया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ–3 का खंड–(iii) (क) (ख) और (ग) लागू नहीं है।

iv. हमारी राय में तथा हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने ऋण, निवेश, गारंटी तथा प्रतिभूति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–185 एवं 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

v. कंपनी ने जनता से जमा राशियां स्वीकार नहीं की हैं, अतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–73 से 76 तक तथा उसमें निहित अन्य संगत प्रावधानों और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुपालन का प्रश्न नहीं उठता।

vi. केन्द्र सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा – 148 (1) के अंतर्गत लागत रिकार्डों का रख–रखाव निर्धारित किया है। कंपनी आवश्यक लागत रिकार्ड बनाए रखती है। वित्त वर्ष 2017–18 के लिए लागत लेखा परीक्षा प्रक्रियाधीन है।

vii. (क) हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अविवादित संवैधानिक देय राशियां उचित प्रधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा करती है। इनमें भविष्यनिधि, आयकर, बिक्रीकर, संपत्तिकर, सेवा कर तथा अन्य संवैधानिक देय, जो कंपनी पर लागू हैं, शामिल हैं। देय तिथि से छह महीने से अधिक अवधि के लिए कोई अविवादित संवैधानिक देय राशि 31 मार्च, 2018 को बाकी नहीं थी। जैसा

कि हमें बताया गया है, कंपनी पर राज्य बीमा अधिनियम लागू नहीं हैं।

(ख) हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के आधार पर निम्नलिखित विवादित सेवा कर जमा नहीं किए गए हैं।

वित्त वर्ष	धनराशि (रू. लाख में)	देयताओं की प्रकृति	वर्तमान स्थिति
2012-13 से 2014-15	14.86	सेवा कर	टीएचडीसीआईएल ने मांग के विरुद्ध न्यायाधिकरण में अपील दायर की है

viii. हमारे द्वारा अपनायी गई लेखापरीक्षा पद्धति तथा अभिलेखों के अनुसार तथा प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने किसी वित्तीय संस्था, बैंक को ऋण अथवा उधार पर ली गई राशियों को लौटाने में कोई चूक नहीं की।

ix. हमारी राय में तथा कंपनी प्रबंधन द्वारा दी गयी सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान आवधिक ऋण के माध्यम से जुटाए धन का, वर्ष के दौरान उसी काम के लिए उनका इस्तेमाल किया।

x. भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखा पद्धति के अनुसार वर्ष के लिए कंपनी की खाता बहियों और अभिलेखों का परीक्षण करने के दौरान हमें या कंपनी द्वारा अथवा इसके अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा जालसाजी का कोई मामला नहीं मिला है और न ही प्रबंधन को इस तरह के मामले की कोई सूचना अथवा रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

xi. कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. जीएसआर 463 ई दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार प्रदत्त छूट तथा धारा 197 सह–पठित अधिनियम की अनुसूची प्रबंधन पारिश्रमिक संबंधी प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

xii हमारी राय में कंपनी, निधि कंपनी नहीं है, इसलिए आदेश के खंड 3 (XII) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

xiii हमारी राय तथा हमें दी गयी सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार संगत पार्टियों के सभी लेन–देन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 एवं 188 के अनुरूप है तथा ऐसे लेन–देनों के विवरणों का यथा–अपेक्षित मान्य लेखा मानकों के अनुसार वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में खुलासा किया गया है।

xiv. प्रबंधन द्वारा प्रदत्त सूचना तथा स्पष्टीकरण, लेखापरीक्षा प्रक्रिया निष्पादन के अनुसार कंपनी ने शेयरों का कोई अधिमानी अथवा प्राइवेट प्लेसमेंट अथवा पूर्ण अथवा आंशिक परिवर्तनीय डिबेंचरों का आबंटन समीक्षागत वर्ष के दौरान नहीं किया। अतएव आदेश के खंड 3 (XIV) के प्रावधान कंपनी पर लागू नही होते।

xv. हमारी राय और कंपनी द्वारा प्रदत्त सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी में निदेशकों अथवा उनसे जुडे व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकदी लेन–देन नही किया अतएव आदेश के खंड 3 (XV) प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

xvi. हमारी राय में कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45 आईए के अंतर्गत पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है और तदनुसार कंपनी पर आदेश खंड (XVI) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
फर्म पंजीकरण सं. 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता सं.: 073695

स्थानः ऋषिकेश
दिनांक: 11.08.2018

''अनुलग्नक–ख''

टीएचडीसी इंडिया लि. के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का भाग

(इस तिथि को हमारी रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाएं संबंधी रिपोर्ट' के अंतर्गत पैराग्राफ 2 में संदर्भित अनुलग्नक–ख)

क्र. सं.	निर्देश	लेखा परीक्षक की टिप्पणी	प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई	वित्तीय विवरणों पर प्रभाव
1.	क्या कंपनी के पास क्रमशः फ्री होल्ड तथा लीज होल्ड के स्पष्ट स्वामित्व/लीज विलेख का अनुमति है। यदि नहीं तो कृपया फ्री होल्ड और लीज होल्ड भूमि का क्षेत्रफल बताएं जिसके लिए स्वामित्व/लीज विलेख उपलब्ध नहीं है।	हमें प्राप्त जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के रिकार्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी के टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के परिवर्तित नाम से पूर्व फ्रीहोल्ड तथा लीज होल्ड भूमि या तो टिहरी बांध परियोजना अथवा टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन लि. के नाम से प्राप्त की गई। टिप्पणी क्रमांक 37.5 (ii) से विदित होता है कि स्वामित्व विलेख में 610.35 हेक्टे. फ्री होल्ड भूमि को पुराने नाम से नए नाम में परिवर्तित करने के लिए कार्रवाई प्रारंभ की गयी है टिप्पणी 37.5(iii) से विदित होता है कि 44.429 हैक्टे. की सिविल सोयम भूमि के लिए लीज डीड का क्रियान्वेयन प्रक्रियाधीन है और टिप्पणी 37.5 (iv) से विदित होता है कि 0.757 हैक्टे . फ्री–होल्ड भूमि एवं 4.668 हैक्टे. लीज होल्ड भूमि के लिए स्वामित्व हस्तांतरण और लीज डीड का क्रियान्वयन प्रक्रियाधीन है।	पुराने नाम से नए नाम में परिवर्तन कराने हेतु मामला राजस्व प्राधिकारियों के पास है।	शून्य
2.	कृपया ऋण/उधार/ब्याज आदि को माफ करने संबंधी कोई प्रकरण हैं। यदि हां तो उसके कारण और उसमें शामिल राशि बताएं।	हमें प्राप्त जानकारी और स्पंष्टीकरण के अनुसार ऋण/उधार/ब्याज आदि माफ करने संबंधी कोई प्रकरण नहीं है।	लागू नहीं	शून्य
3.	क्या अन्य पक्ष के पास उपलब्ध माल सूचियों तथा सरकार अथवा अन्य प्राधिकारियों से उपहार/अनुदानों के रूप में प्राप्त परिसंपत्तियों का समुचित अभिलेख रखा जा रहा है।	हमें प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी, अन्य पक्ष के पास उपलब्ध माल सूचियों का समुचित अभिलेख रख रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार कंपनी को सरकार अथवा अन्य प्राधिकारियों से कोई संपत्ति उपहार/अनुदान के रूप में प्राप्त नहीं हुई है।	समुचित अभिलेख का रख–रखाव किया जा रहा है।	शून्य

पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकर
फर्म पंजीकरण 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता सं. 073695

स्थानः ऋषिकेश
दिनांकः 11.08.2018

अनुलग्नक–ग

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का भाग

(इसी तिथि की हमारी रिपोर्ट के पैराग्राफ 3 (एफ) में 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाएं संबंधी रिपोर्ट में संदर्भित अनुलग्नक 'ग')

कंपनी अधिनियम 2013(अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रिपोर्ट

हमने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (कंपनी) की 31 मार्च, 2018 की वित्तीय रिपोर्ट की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के साथ वित्तीय विवरणों की इसी तारीख को समाप्त वर्ष की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी प्रबंधन अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय लेखांकन मानदंडों पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और उसके रख–रखाव के लिए जिम्मेदार है। इंस्टीटयूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट आफ इंडिया(आईसीएआई) द्वारा आंतरिक वित्तीय लेखांकन की लेखा परीक्षा संबंधी मार्गदर्शी नोट में आंतरिक नियंत्रण का उल्लेख है। इन जिम्मेदारियों में डिजाइन, कार्यान्वयन तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शामिल है जिसमें कार्य के सटीक एवं दक्षतापूर्ण संचालन सुनिश्चित करना शामिल है। इसमें कंपनी अधिनियम 2013 की अपेक्षाओं के अनुरूप कंपनी की नीतियों, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और गलतियों का पता लगाने, लेखांकन अभिलेखों की पूर्णता तथा वित्तीय सूचनाओं की नियत समय पर तैयारी शामिल है।

लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय लेखांकन पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर राय व्यक्त करना है। हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) में निर्धारित तथा 'आईसीएआई' द्वारा जारी लेखा परीक्षा के मानक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण विवरण (द गाइडेंस नोट) पर लागू हैं और ये दोनों ही 'आईसीएआई' द्वारा जारी है। इस मानक और मार्गदर्शी नोट की अपेक्षा है कि हम नीतिगत अपेक्षाओं तथा योजना का पालन करें और लेखा परीक्षा कर यह औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करें कि वित्तीय लेखांकन पर समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा गया तथा यह नियंत्रण सभी दशाओं में प्रभावी रूप से लागू किया गया।

हमारी लेखा परीक्षा में निष्पादन प्रक्रिया लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता, वित्तीय लेखांकन और उसके प्रचालनीय प्रभाव पर आधारित है। हमारी वित्तीय लेखांकन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा वित्तीय लेखांकन का जोखिम मूल्यांकन, का वास्तविक जोखिम निर्धारण है तथा परीक्षण और डिजाइन तथा आंतरिक नियंत्रण में जोखिम अनुमान के संचालनीय प्रभाव पर आधारित है। चयनित प्रक्रियाएं वित्तीय विवरणों की समग्र गलत बयानी, चाहे धोखाधड़ी या अशुद्धि के कारण हो, के मूल्यांकन सहित लेखा परीक्षक के अनुमान पर निर्भर करती है।

हमारा विश्वास है कि हमारे वित्तीय विवरणों पर प्राप्त किया गया लेखा परीक्षा साक्ष्य कंपनी के वित्तीय लेखांकन की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षा पर राय को आधार देने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरित वित्तीय नियंत्रण का तात्पर्य

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जो सामान्य स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार, बाह्य उद्देश्य हेतु वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीय तथा वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए औचित्यपूर्ण आश्वासन देती है। किसी कंपनी का वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (i) कंपनी की परिसंपत्तियों के अभिलेख के रखरखाव तथा औचित्यपूर्ण विवरण के साथ सही और पूर्ण संव्यवहार तथा निपटान को प्रदर्शित करें (ii) उचित आश्वासन दिया जाए कि वित्तीय रिपोर्टिंग तैयार करने हेतु लेन–देन को अभिलेखित करना सामान्य स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार अनिवार्य है तथा कंपनी के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकार से आय–व्यय विवरण तैयार किया गया है तथा (iii) कंपनी की परिसंपत्तियों का अनधिकृत उपयोग, निपटान, अधिग्रहण, जिनका वित्तीय रिपोर्टिंग पर प्रभाव पड़ सकता है उसकी रोकथाम अथवा यथासमय पता लगाना।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण की अन्तर्निहित सीमा

वित्तीय रिपोर्टिंग जिसमें धोखाधड़ी अथवा अनुचित प्रबंधन के अधिभावी नियंत्रण की संभावना सहित गलत विवरण, त्रुटि अथवा जालसाजी भी हो सकती है, की अन्तर्निहित सीमा के कारण, पता नहीं लगाया जा सके। वित्तीय रिपोर्टिंग का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की भावी अवधि हेतु कोई भी मूल्यांकन जोखिम भरा हो सकता है, स्थितियों में परिवर्तन के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग अपर्याप्त हो सकती है। नीतियों अथवा प्रक्रियाओं के अनुपालन स्थिति में गिरावट आ सकती है।

राय

हमारी राय में कंपनी में वित्तीय लेखांकन पर सभी प्रकार की पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और वित्तीय लेखांकन यह आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली 31 मार्च, 2018 को प्रभावी तरीके से प्रचालनीय है। कंपनी द्वारा स्थापित आंतरिक नियंत्रण रिपोर्टिंग मानदंड आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए आईसीएआई द्वारा आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग की लेखा परीक्षा हेतु जारी मार्गदर्शी नोट पर आधारित है।

पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 001049सी

(पीयूष अग्रवाल)
साझेदार
सदस्यता सं. 073695

स्थानः ऋषिकेश
दिनांकः 11.08.2018

No.MAB-III/Rep/01-94/A/cs-THDC/2018-19/602

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
कार्यालय प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड-III
नई दिल्ली

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
Office of the Principal Director of Commercial Audit
& Ex-Officio Member, Audit Board-III
New Delhi

दिनांक-10/09/2018

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड,
ऋषिकेश

विषय : 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिये टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के वार्षिक लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

महोदय,

मैं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित कर रहा हूँ। कृपया इस पत्र की संलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाएँ।

संलग्न : यथोपरि

भवदीय,

ह./–
(राज कुमार)
प्रधान निदेशक

छठा एवं सातवाँ तल, सी.ए.जी. भवन एनेक्सी, 10, बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002
6th & 7th Floor, C.A.G. Building Annexe, 10, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi - 110 002
Tel. : 011-23239213, 23239235, Fax : 011-23239211, E-mail: mabnewdelhi3@cag.gov.in

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अंतर्गत नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुरुप वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक की अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखा–परीक्षा के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणों पर विचार व्यक्त करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह कार्य अपनी दिनांक 11 अगस्त, 2018 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट के तहत किया है।

भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक की ओर से मैंने अधिनियम की धारा 143 (6) (क) के अंतर्गत 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्यशील प्रपत्रों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है तथा यह मुख्यतः सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के कार्मिकों से पूछताछ तथा कुछ लेखाकरण रिकार्डों के चयनात्मक जांच–पड़ताल तक सीमित है।

मेरी अनुपूरक लेखा परीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कोई उल्लेखनीय तत्व नहीं आया है जिसके कारण इस पर या अधिनियम की धारा 143 (6) (बी) के तहत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर कुछ भी अनुपूरक टिप्पणी की जाए।

भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक
के लिए एवं उनकी ओर से

प्रतिहस्ताक्षरित
(राज कुमार)
प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा
एवं पदेन सदस्य,लेखा परीक्षा बोर्ड–III
नई दिल्ली

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 10 सितंबर, 2018